आचार्य हेमचन्द्र-रचित

सूत्रों पर आधारित

प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण

(भाग-2)

संपादन

डॉ. कमलचन्द सोगाणी

लेखिका

श्रीमती शकुन्तला जैन

प्रकाशक

अपभ्रंश साहित्य अकादमी

जैनविद्या संस्थान

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

राजस्थान

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य हेमचन्द्र-रचित
सूत्रों पर आधारित

प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण
(भाग-2)

संपादन
डॉ. कमलचन्द सोगाणी
निदेशक
जैनविद्या संस्थान-अपभ्रंश साहित्य अकादमी

लेखिका
श्रीमती शकुन्तला जैन
सहायक निदेशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी

प्रकाशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी
राजस्थान

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

◈ प्रकाशक

अपभ्रंश साहित्य अकादमी

जैनविद्या संस्थान

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

श्री महावीरजी - 322 220 (राजस्थान)

दूरभाष - 07469-224323

◈ प्राप्ति-स्थान

1. साहित्य विक्रय केन्द्र, श्री महावीरजी

2. साहित्य विक्रय केन्द्र

दिगम्बर जैन नसियाँ भट्टारकजी

सवाई रामसिंह रोड, जयपुर - 302 004

दूरभाष - 0141-2385247

◈ प्रथम संस्करणः जनवरी, 2013

◈ सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

◈ मूल्य -400 रुपये

ISBN : 978-81-926468-0-0

◈ पृष्ठ संयोजन

फ्रैण्ड्स कम्प्यूटर्स

जौहरी बाजार, जयपुर - 302 003

दूरभाष - 0141-2562288

◈ मुद्रक

जयपुर प्रिण्टर्स प्रा. लि.

एम.आई. रोड, जयपुर - 302 001

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्रकाशकीय	v
	प्रारम्भिक	ix
1.	क्रियाओं के कालबोधक प्रत्यय	1
2.	कृदन्तों के प्रत्यय	41
3.	भाववाच्य एवं कर्मवाच्य के प्रत्यय	45
4.	स्वार्थिक प्रत्यय	51
5.	प्रेरणार्थक प्रत्यय	53
6.	सम्पादक की कलम से	61
7.	विविध प्राकृत क्रियाएँ	63
8.	अनियमित कर्मवाच्य के क्रिया-रूप	85
9.	अनियमित कृदन्त	89
	परिशिष्ट-1 क्रिया-रूप व कालबोधक प्रत्यय	92
	परिशिष्ट-2 आचार्य हेमचन्द्र-रचित सूत्रों के सन्दर्भ	114
	परिशिष्ट-3 सम्मतिः अपभ्रंश-हिन्दी-व्याकरण डॉ. आनन्द मंगल वाजपेयी	123
	अभिमतः अपभ्रंश-हिन्दी-व्याकरण डॉ. प्रेमसुमन जैन	125
	परिशिष्ट-4 प्राकृत-व्याकरण संबंधी उपयोगी सूचनाएँ	126
	अपभ्रंश-व्याकरण संबंधी उपयोगी सूचनाएँ	127
	सन्दर्भ ग्रन्थ सूची	128

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य हेमचन्द्र-रचित

सूत्रों पर आधारित

प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण

(भाग-2)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

'प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण (भाग-2)' अध्ययनार्थियों के हाथों में समर्पित करते हुए हमें हर्ष का अनुभव हो रहा है।

तीर्थंकर महावीर ने जनभाषा 'प्राकृत' में उपदेश देकर सामान्यजन के लिए विकास का मार्ग प्रशस्त किया। भाषा संप्रेषण का सबल माध्यम होती है। उसका जीवन से घनिष्ठ सम्बन्ध होता है। जीवन के उच्चतम मूल्यों को जनभाषा में प्रस्तुत करना प्रजातान्त्रिक दृष्टि है।

प्राकृत भाषा भारतीय आर्य परिवार की एक सुसमृद्ध लोकभाषा रही है। वैदिक काल से ही यह लोकभाषा के रूप में प्रतिष्ठित रही है। इसका प्रकाशित, अप्रकाशित विपुल साहित्य इसकी गौरवमयी गाथा कहने में समर्थ है। भारतीय लोक-जीवन के बहुआयामी पक्ष दार्शनिक एवं आध्यात्मिक परम्पराएं प्राकृत साहित्य में निहित है। तीर्थंकर महावीर के युग में और उसके बाद विभिन्न प्राकृतों का विकास हुआ, वे हैं- महाराष्ट्री प्राकृत(प्राकृत), शौरसेनी प्राकृत, अर्धमागधी प्राकृत, मागधी प्राकृत और पैशाची प्राकृत। इनमें से तीन प्रकार की प्राकृतों का नाम साहित्य के क्षेत्र में गौरव के साथ लिया जाता हैं, वे हैं- **महाराष्ट्री प्राकृत, शौरसेनी प्राकृत तथा अर्धमागधी प्राकृत**। महावीर की दार्शनिक आध्यात्मिक परम्परा शौरसेनी व अर्धमागधी प्राकृत में रचित है और काव्यों की भाषा सामान्यतः महाराष्ट्री प्राकृत कही गई है। यह प्राकृत भाषा ही अपभ्रंश भाषा के रूप में विकसित होती हुई प्रादेशिक भाषाओं एवं हिन्दी का स्रोत बनी।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि प्राकृत भाषा को सीखना-समझना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसी बात को ध्यान में रखकर अपभ्रंश-प्राकृत साहित्य के अध्ययन-अध्यापन एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी द्वारा संचालित 'जैनविद्या संस्थान' के अन्तर्गत अपभ्रंश साहित्य अकादमी की स्थापना सन् 1988 में की गई। अकादमी का प्रयास है- अपभ्रंश-प्राकृत के अध्ययन-अध्यापन को सशक्त करके उसके सही रूप को सामने रखना जिससे प्राचीन साहित्यिक-निधि के साथ-साथ आधुनिक आर्यभाषाओं के स्वभाव और उनकी सम्भावनाएँ भी स्पष्ट हो सकें।

वर्तमान में प्राकृत भाषा के अध्ययन के लिए पत्राचार के माध्यम से प्राकृत सर्टिफिकेट व प्राकृत डिप्लामो पाठ्यक्रम संचालित हैं, ये दोनों पाठ्यक्रम राजस्थान विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त हैं।

किसी भी भाषा को सीखने, जानने, समझने के लिए उसके रचनात्मक स्वरूप/संरचना को जानना आवश्यक है। प्राकृत के अध्ययन के लिये भी उसकी रचना-प्रक्रिया एवं व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है। प्राकृत भाषा को सीखने-समझने को ध्यान में रखकर ही 'प्राकृत रचना सौरभ', 'प्राकृत अभ्यास सौरभ', 'प्राकृत गद्य-पद्य सौरभ (भाग-1)', 'प्रौढ प्राकृत रचना सौरभ (भाग-1)', 'प्रौढ प्राकृत-अपभ्रंश रचना सौरभ (भाग-2)', 'प्राकृत गद्य-पद्य सौरभ (भाग-2)', 'प्राकृत-व्याकरण' 'प्राकृत अभ्यास उत्तर पुस्तक' 'प्राकृत-व्याकरण अभ्यास उत्तर पुस्तक', 'प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण (भाग-1)' आदि पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। **'प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण (भाग-2)'** इसी क्रम का प्रकाशन है।

'प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण (भाग-2)' प्राकृत भाषा को सीखने-समझने की दिशा में प्रथम व अनूठा प्रयास है। इसका प्रस्तुतिकरण अत्यन्त सहज, सरल, सुबोध एवं नवीन शैली में किया गया है जो विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी होगा। इस

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पुस्तक में प्राकृत क्रियाओं के कालबोधक प्रत्यय, कृदन्त आदि को हिन्दी भाषा में सरलता से समझाने का प्रयास किया गया है। यह पुस्तक विश्वविद्यालयों के हिन्दी, संस्कृत, इतिहास, राजस्थानी आदि विभागों के प्राकृत अध्ययनार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, ऐसी आशा है।

यहाँ यह जानना आवश्यक है कि संस्कृत-ज्ञान के अभाव में भी अध्ययनार्थी **'प्राकृत–हिन्दी–व्याकरण (भाग–2)'** के माध्यम से प्राकृत भाषा का समुचित ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

श्रीमती शकुन्तला जैन एम.फिल. (संस्कृत) ने बड़े परिश्रम से **'प्राकृत–हिन्दी–व्याकरण (भाग–2)'** को तैयार किया है जिससे अध्ययनार्थी प्राकृत भाषा को सीखने में अनवरत उत्साह बनाये रख सकेंगे। अतः वे हमारी बधाई की पात्र हैं।

पुस्तक-प्रकाशन के लिए अपभ्रंश साहित्य अकादमी के विद्वानों विशेषतया श्रीमती शकुन्तला जैन के आभारी हैं जिन्होंने **'प्राकृत–हिन्दी–व्याकरण (भाग–2)'** लिखकर प्राकृत के पठन-पाठन को सुगम बनाने का प्रयास किया है।

पृष्ठ संयोजन के लिए फ्रेण्ड्स कम्प्यूटर्स एवं मुद्रण के लिए जयपुर प्रिण्टर्स धन्यवादार्ह है।

जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन	**प्रकाशचन्द्र जैन**	**डॉ. कमलचन्द सोगाणी**
अध्यक्ष	मंत्री	संयोजक
प्रबन्धकारिणी कमेटी		जैनविद्या संस्थान समिति
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी		जयपुर

वीर निर्वाण संवत्-2539

15.01.2013

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रारम्भिक

प्राकृत भाषा के सम्बन्ध में निम्नलिखित सामान्य जानकारी आवश्यक है-

प्राकृत की वर्णमाला

स्वर- अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ।

व्यंजन- क, ख, ग, घ, ङ।

च, छ, ज, झ,ञ।

ट, ठ, ड, ढ, ण।

त, थ, द, ध, न।

प, फ, ब, भ, म।

य, र, ल, व।

स, ह।

ं, ँ

यहाँ ध्यान देने योग्य है कि असंयुक्त अवस्था में **ङ** और **ञ** का प्रयोग प्राकृत भाषा में नहीं पाया जाता है। हेमचन्द्र कृत प्राकृत व्याकरण में **ङ** और **ञ** का संयुक्त प्रयोग उपलब्ध है। न का भी संयुक्त और असंयुक्त अवस्था में प्रयोग देखा जाता है। **ङ**, **ञ**, **न** के स्थान पर संयुक्त अवस्था में अनुस्वार भी विकल्प से होता है। शब्द के अंत में स्वररहित व्यंजन नहीं होते हैं।

वचन

प्राकृत भाषा में दो ही वचन होते हैं- एकवचन और बहुवचन।

लिंग

प्राकृत भाषा में तीन लिंग होते हैं- पुल्लिंग, नपुंसकलिंग और स्त्रीलिंग।

पुरुष

प्राकृत भाषा में तीन पुरुष होते हैं- उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष, अन्य पुरुष।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विभक्ति

प्राकृत भाषा में संज्ञा में आठ विभक्तियाँ होती हैं और सर्वनाम में सात विभक्तियाँ होती हैं। सर्वनाम में संबोधन विभक्ति नहीं होती है।

	विभक्ति	प्रत्यय–चिह्न
1.	प्रथमा	ने
2.	द्वितीया	को
3.	तृतीया	से, (के द्वारा)
4.	चतुर्थी	के लिए
5.	पंचमी	से (पृथक् अर्थ में)
6.	षष्ठी	का, के, की
7.	सप्तमी	में, पर
8.	सम्बोधन	हे

क्रिया

प्राकृत भाषा में दो प्रकार की क्रियाएँ होती हैं- सकर्मक और अकर्मक।

काल

प्राकृत भाषा में चार प्रकार के काल वर्णित हैं-

1. वर्तमानकाल
2. भूतकाल
3. भविष्यत्काल
4. विधि एवं आज्ञा

शब्द

प्राकृत भाषा में छह प्रकार के शब्द पाए जाते हैं-

1. अकारान्त
2. आकारान्त
3. इकारान्त
4. ईकारान्त
5. उकारान्त
6. ऊकारान्त

◆◆◆

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्रियाओं के कालबोधक प्रत्यय

वर्तमानकाल

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

1. प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन में **'मि'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

(हस+मि) = **हसमि** = (मैं) हँसता हूँ/हँसती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

(ठा+मि) = **ठामि** = (मैं) ठहरता हूँ/ठहरती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

(हो+मि) = **होमि** = (मैं) होता हूँ/होती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

कहीं-कहीं पर अकारान्त क्रियाओं के वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन में **'मि'** प्रत्यय में स्थित **'इ'** का लोप हो जाता है और **'म'** का अनुस्वार हो जाता है। जैसे-

(हस+मि) = (हस+ं) = **हसं** = (मैं) हँसता हूँ/हँसती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन में **'मि'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का विकल्प से **'आ'** और **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+मि) = **हसामि** = (मैं) हँसता हूँ/हँसती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

(हस+मि) = **हसेमि** = (मैं) हँसता हूँ/हँसती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **हसमि, हसं**

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

2. प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन में **'मो, मु और म'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

(हस+मो, मु, म) = **हसमो, हसमु, हसम** = (हम दोनों/हम सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ठा+मो, मु, म) = **ठामो, ठामु, ठाम** = (हम दोनों/हम सब) ठहरते हैं/ठहरती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(हो+मो, मु, म) =**होमो, होमु, होम** =(हम दोनों/हम सब) होते हैं/होती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन में **'मो, मु और म'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का विकल्प से **'आ' 'इ'** और **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+मो) = **हसामो, हसिमो, हसेमो** = (हम दोनों/हम सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(हस+मु) = **हसामु, हसिमु, हसेमु** = (हम दोनों/हम सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(हस+म) = **हसाम, हसिम, हसेम** = (हम दोनों/हम सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

अन्य रूप - **हसमो, हसमु, हसम**

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

3. प्राकृत भाषा में अकारान्त क्रियाओं के वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'सि'** और **'से'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

(हस+सि, से) = **हससि, हससे** = (तुम) हँसते हो/हँसती हो। (व.म.पु.एक.)

प्राकृत भाषा में आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'सि'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है **'से'** प्रत्यय नहीं लगता है। जैसे-

(ठा+सि)= **ठासि** = (तुम) ठहरते हो/ठहरती हो। (व.म.पु.एक.)

(हो+सि) = **होसि** = (तुम) होते हो/होती हो। (व.म.पु.एक.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'सि'** प्रत्यय

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का विकल्प से **'ए'** भी हो जाता है।

(हस+सि) = **हसेसि** = (तुम) हँसते हो/हँसती हो। (व.म.पु.एक.)

अन्य रूप - **हससि, हससे**

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

4. (क) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'इत्था और ह'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

(हस+इत्था, ह) =**हसित्था, हसह** =(तुम दोनों/तुम सब) हँसते हो/हँसती हो। (व.म.पु.बहु.)

(ठा+इत्था, ह) = **ठाइत्था, ठाह** =(तुम दोनों/तुम सब)ठहरते हो/ठहरती हो। (व.म.पु.बहु.)

(हो+इत्था, ह) = **होइत्था, होह** = (तुम दोनों/तुम सब) होते हो/होती हो। (व.म.पु.बहु.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'इत्था'** और **'ह'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का विकल्प से **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+इत्था,ह)=**हसेइत्था, हसेह** =(तुम दोनों/तुम सब) हँसते हो/हँसती हो। (व.म.पु.बहु.)

अन्य रूप - **हसित्था, हसह**

(ख) शौरसेनी प्राकृत में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'ध'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(हस+ध) = **हसध** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसते हो/हँसती हो।

(व.म.पु.बहु.)

(ठा+ध) = **ठाध** =(तुम दोनों/तुम सब)ठहरते हो/ठहरती हो। (व.म.पु.बहु.)

(हो+ध) = **होध** = (तुम दोनों/तुम सब) होते हो/होती हो। (व.म.पु.बहु.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'ध'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का विकल्प से **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+ध) = **हसेध** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसते हो/हँसती हो।(व.म.पुं.बहु.)

अन्य रूप - **हसध**

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

5. (क) प्राकृत भाषा में अकारान्त क्रियाओं के वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन में **'इ और ए'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं।

(हस+इ, ए) = **हसइ, हसए** = (वह) हँसता है/हँसती है। (व.अ.पु.एक.)

प्राकृत भाषा में आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन में **'इ'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

(ठा+इ) = **ठाइ** = (वह) ठहरता है/ठहरती है। (व.अ.पु.एक.)

(हो+इ) = **होइ** = (वह) होता है/होती है। (व.अ.पु.एक.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन में **'इ'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का विकल्प से **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+इ)= **हसेइ** = (वह) हँसता है/हँसती है। (व.अ.पु.एक.)

अन्य रूप - **हसइ, हसए**

(ख) शौरसेनी प्राकृत में अकारान्त क्रियाओं के वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन में **'दि और दे'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं।

(हस+दि, दे) = **हसदि, हसदे** = (वह) हँसता है/हँसती है। (व.अ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

शौरसेनी प्राकृत में आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन में **'दि'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

(ठा+दि) = **ठादि** = (वह) ठहरता है/ठहरती है। (व.अ.पु.एक.)

(हो+दि) = **होदि** = (वह) होता है/होती है। (व.अ.पु.एक.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन में **'दि'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का विकल्प से **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+दि)= **हसेदि** = (वह) हँसता है/हँसती है। (व.अ.पु.एक.)

अन्य रूप - **हसदि, हसदे**

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

6. प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन में **'न्ति, न्ते और इरे'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

(हस+न्ति, न्ते, इरे) = **हसन्ति, हसन्ते, हसिरे** = (वे दोनों/वे सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

(ठा+न्ति, न्ते, इरे)=ठान्ति→**ठन्ति**, ठान्ते→**ठन्ते**, **ठाइरे** =
(वे दोनों/वे सब) ठहरते हैं/ठहरती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

(हो+न्ति, न्ते, इरे) = **होन्ति, होन्ते, होइरे** = (वे दोनों/वे सब) होते हैं/होती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन में **'न्ति'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का विकल्प से **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+न्ति) = **हसेन्ति** = (वे दोनों/वे सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

अन्य रूप- **हसन्ति, हसन्ते, हसिरे**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

7. प्राकृत भाषा में **अस** अकारान्त क्रिया के वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'सि'** प्रत्यय भी होता है। जैसे-

सि = (तुम) होते हो/होती हो। (व.म.पु.एक.)

---

8. प्राकृत भाषा में **अस** अकारान्त क्रिया के वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन में <u>विकल्प से</u> **'म्हि'** प्रत्यय भी होता है। जैसे-

म्हि = (मैं) होता हूँ/होती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **अत्थि**

---

9. प्राकृत भाषा में **अस** अकारान्त क्रिया के वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन में <u>विकल्प से</u> **'म्हो और म्ह'** प्रत्यय भी होते हैं। जैसे-

म्हो = (हम दोनों/हम सब) होते हैं/होती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

म्ह = (हम दोनों/हम सब) होते हैं/होती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

अन्य रूप - **अत्थि**

---

10. प्राकृत भाषा में **अस** अकारान्त क्रिया के वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष तथा अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में **'अत्थि'** होता है। जैसे-

अस (होना) (वर्तमानकाल)

पुरुष	**एकवचन**	**बहुवचन**
उत्तम	अत्थि	अत्थि
मध्यम	अत्थि	अत्थि
अन्य	अत्थि	अत्थि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भूतकाल

उत्तम पुरुष 1/1, मध्यम पुरुष 2/1, अन्य पुरुष 3/1 (एकवचन)
उत्तम पुरुष 1/2, मध्यम पुरुष 2/2, अन्य पुरुष 3/2 (बहुवचन)

11.(क) प्राकृत भाषा में अकारान्त क्रियाओं में भूतकाल के उत्तम पुरुष एकवचन व बहुवचन, मध्यम पुरुष एकवचन व बहुवचन, अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में **'ईअ'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (मैं) हँसा/हँसी। (भू.उ.पु.एक.)

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (हम दोनों/हम सब) हँसे/हँसीं। (भू.उ.पु.बहु.)

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (तुम) हँसे/हँसी। (भू.म.पु.एक.)

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसे/हँसीं। (भू.म.पु.बहु.)

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (वह) हँसा/हँसी। (भू.अ.पु.एक.)

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (वे दोनों/वे सब) हँसे/हँसीं। (भू.अ.पु.बहु.)

(ख) अर्धमागधी प्राकृत में अकारान्त क्रियाओं में भूतकाल के उत्तम पुरुष एकवचन व बहुवचन, मध्यम पुरुष एकवचन व बहुवचन, अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में **'इत्था'** और **'इंसु'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

(हस+इत्था, इंसु) = **हसित्था, हसिंसु** = (मैं) हँसा/हँसी। (भू.उ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

(हस+इत्था, इंसु) = **हसित्था, हसिंसु** = (हम दोनों/हम सब) हँसे/हँसीं।

(भू.उ.पु.बहु.)

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

(हस+इत्था, इंसु) = **हसित्था, हसिंसु** = (तुम) हँसे/हँसी। (भू.म.पु.एक.)

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

(हस+इत्था, इंसु) = **हसित्था, हसिंसु** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसे/हँसीं।

(भू.म.पु.बहु.)

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(हस+इत्था, इंसु) = **हसित्था, हसिंसु** = (वह) हँसा/हँसी। (भू.अ.पु.एक.)

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

(हस+इत्था, इंसु) = **हसित्था, हसिंसु** = (वे दोनों/वे सब) हँसे/हँसीं।

(भू.अ.पु.बहु.)

उत्तम पुरुष 1/1, मध्यम पुरुष 2/1, अन्य पुरुष 3/1 (एकवचन)

उत्तम पुरुष 1/2, मध्यम पुरुष 2/2, अन्य पुरुष 3/2 (बहुवचन)

12.(क) प्राकृत भाषा में आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भूतकाल के उत्तम पुरुष एकवचन व बहुवचन, मध्यम पुरुष एकवचन व बहुवचन, अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में **'सी'**, **'ही'**, **'हीअ'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

(ठा+सी, ही, हीअ)=**ठासी, ठाही, ठाहीअ**= (मैं) ठहरा/ठहरी। (भू.उ.पु.एक.)

(हो+सी, ही, हीअ)= **होसी, होही, होहीअ** = (मैं) हुआ/हुई। (भू.उ.पु.एक.)

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

(ठा+सी, ही, हीअ) = **ठासी, ठाही, ठाहीअ** = (हम दोनों/हम सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.उ.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(हो+सी, ही, हीअ) = **होसी, होही, होहीअ** = (हम दोनों/हम सब) हुए/हुईं। (भू.उ.पु.बहु.)

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

(ठा+सी, ही, हीअ) =**ठासी, ठाही, ठाहीअ** =(तुम)ठहरे/ठहरी। (भू.म.पु.एक.)

(हो+सी, ही, हीअ)= **होसी, होही, होहीअ** = (तुम) हुए/हुई। (भू.म.पु.एक.)

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

(ठा+सी, ही, हीअ) = **ठासी, ठाही, ठाहीअ** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.म.पु.बहु.)

(हो+सी, ही, हीअ)= **होसी, होही, होहीअ** = (तुम दोनों/तुम सब) हुए/हुईं। (भू.म.पु.बहु.)

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(ठा+सी, ही, हीअ)=**ठासी,ठाही, ठाहीअ**=(वह) ठहरा/ठहरी। (भू.अ.पु.एक.)

(हो+सी, ही, हीअ)=**होसी, होही, होहीअ**=(वह) हुआ/हुई।(भू.अ.पु.एक)

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

(ठा+सी, ही, हीअ) = **ठासी, ठाही, ठाहीअ** = (वे दोनों/वे सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.अ.पु.बहु.)

(हो+सी, ही, हीअ)= **होसी, होही, होहीअ** = (वे दोनों/वे सब) हुए/हुईं। (भू.अ.पु.बहु.)

(ख) अर्धमागधी प्राकृत में आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भूतकाल के उत्तम पुरुष एकवचन व बहुवचन, मध्यम पुरुष एकवचन व बहुवचन, अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में '**इत्था**'और '**इंसु**' प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

(ठा+इत्था, इंसु) = **ठाइत्था, ठाइंसु** = (मैं) ठहरा/ठहरी। (भू.उ.पु.एक.)

(हो+इत्था, इंसु) = **होइत्था, होइंसु** = (मैं) हुआ/हुई। (भू.उ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

(ठा+इत्था, इंसु) = **ठाइत्था, ठाइंसु** = (हम दोनों/हम सब) ठहरे/ठहरीं।
(भू.उ.पु.बहु.)

(हो+इत्था, इंसु) = **होइत्था, होइंसु** = (हम दोनों/हम सब) हुए/हुईं।
(भू.उ.पु.बहु.)

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

(ठा+इत्था, इंसु) = **ठाइत्था, ठाइंसु** =(तुम) ठहरे/ठहरी। (भू.म.पु.एक.)

(हो+इत्था, इंसु) = **होइत्था, होइंसु** = (तुम) हुए/हुई। (भू.म.पु.एक.)

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

(ठा+इत्था, इंसु) = **ठाइत्था, ठाइंसु** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरे/ठहरीं।
(भू.म.पु.बहु.)

(हो+इत्था, इंसु) = **होइत्था, होइंसु** = (तुम दोनों/तुम सब) हुए/हुईं।
(भू.म.पु.बहु.)

अंन्य पुरुष एकवचन 3/1

(ठा+इत्था, इंसु) = **ठाइत्था, ठाइंसु** =(वह) ठहरा/ठहरी। (भू.अ.पु.एक.)

(हो+इत्था, इंसु) = **होइत्था, होइंसु** = (वह) हुआ/हुई। (भू.अ.पु.एक)

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

(ठा+इत्था, इंसु) = **ठाइत्था, ठाइंसु** = (वे दोनों/वे सब) ठहरे/ठहरीं।
(भू.अ.पु.बहु.)

(हो+इत्था, इंसु)= **होइत्था, होइंसु** = (वे दोनों/वे सब) हुए/हुईं। (भू.अ.पु.बहु.)

(ग) इनके अतिरिक्त अर्धमागधी प्राकृत में कुछ अन्य प्रयोग भी मिलते हैं। जैसे-

होत्था = हुआ, **आहंसु** = कहा

उत्तम पुरुष एकवचन **अकरिस्सं** = किया

अन्य पुरुष एकवचन **अकासी** = किया

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

13. प्राकृत भाषा में **अस** (होना) अकारान्त क्रिया के भूतकाल के उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष तथा अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में **'आसि** और **अहेसी'** होते हैं। जैसे-

अस (भूतकाल)

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	**आसि, अहेसी**	**आसि, अहेसी**
मध्यम	**आसि, अहेसी**	**आसि, अहेसी**
अन्य	**आसि, अहेसी**	**आसि, अहेसी**

भविष्यत्काल

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

14. (क) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष एकवचन में **'हि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन का **'मि'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+हि+मि) = **हसिहिमि, हसेहिमि** = (मैं) हँसूँगा/ हँसूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(ठा+हि+मि) = **ठाहिमि** = (मैं) ठहरूँगा/ठहरूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(हो+हिं+मि) = **होहिमि** = (मैं) होऊँगा/होऊँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(ख) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष एकवचन में <u>विकल्प से</u> **'स्सा** और **हा'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं, इनको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन का **'मि'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स्सा+मि) = **हसिस्सामि, हसेस्सामि**= (मैं) हँसूँगा/हँसूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ठा+स्सा+मि) = ठास्सामि→**ठस्सामि** = (मैं) ठहरूँगा/ठहरूँगी।

(भवि.उ.पु.एक.)

(हो+स्सा+मि)= **होस्सामि** = (मैं) होऊँगा/होऊँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(हस+हा+मि) = **हसिहामि, हसेहामि** = (मैं) हँसूँगा/हँसूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(ठा+हा+मि) = **ठाहामि** = (मैं) ठहरूँगा/ठहरूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(हो+हा+मि)= **होहामि** = (मैं) होऊँगा/होऊँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **हसिहिमि, हसेहिमि**

ठाहिमि

होहिमि

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

(ग) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष एकवचन में विकल्प से **'स्सं'** प्रत्यय भी क्रियाओं में जोड़ा जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स्सं) = **हसिस्सं, हसेस्सं** = (मैं) हँसूँगा/हँसूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(ठा+स्सं) = ठास्सं→**ठस्सं** = (मैं) ठहरूँगा/ठहरूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(हो+स्सं) = **होस्सं** = (मैं) होऊँगा/होऊँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **हसिहिमि, हसेहिमि, हसिस्सामि, हसेस्सामि, हसिहामि, हसेहामि**

ठाहिमि, ठास्सामि→**ठस्सामि, ठाहामि**

होहिमि, होस्सामि, होहामि

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

(घ) शौरसेनी प्राकृत में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष एकवचन में **'स्सि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जाता है और इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन का **'मि'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स्सि+मि) = **हसिस्सिमि** = (मैं) हँसूँगा/हँसूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(ठा+स्सि+मि)= ठास्सिमि→**ठस्सिमि** = (मैं) ठहरूँगा/ठहरूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(हो+स्सि+मि) = **होस्सिमि** = (मैं) होऊँगा/होऊँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

15. (क) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष बहुवचन में **'हि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन के **'मो, मु और म'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+हि+मो, मु, म) = **हसिहिमो, हसेहिमो, हसिहिमु, हसेहिमु, हसिहिम, हसेहिम** = (हम दोनों/हम सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(ठा+हि+मो, मु, म) = **ठाहिमो, ठाहिमु, ठाहिम** = (हम दोनों/हम सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(हो+हि+मो, मु, म) = **होहिमो, होहिमु, होहिम** = (हम दोनों/हम सब) होंगे/होंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(ख) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष बहुवचन में विकल्प से **'स्सा और हा'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं, इनको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन के **'मो, मु और म'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(हस+स्सा+मो, मु, म) = **हसिस्सामो, हसेस्सामो, हसिस्सामु, हसेस्सामु, हसिस्साम, हसेस्साम** = (हम दोनों/हम सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(ठा+स्सा+मो, मु, म) = ठास्सामो[1] → **ठस्सामो**, ठास्सामु → **ठस्सामु**, ठास्साम → **ठस्साम** = (हम दोनों/हम सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(हो+स्सा+मो, मु, म) = **होस्सामो, होस्सामु, होस्साम** = (हम दोनों/हम सब) होंगे/होंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(हस+हा+मो, मु, म) = **हसिहामो, हसेहामो, हसिहामु, हसेहामु, हसिहाम, हसेहाम** = (हम दोनों/हम सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(ठा+हा+मो, मु, म) = **ठाहामो, ठाहामु, ठाहाम** = (हम दोनों/हम सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(हो+हा+मो, मु, म) = **होहामो, होहामु, होहाम** = (हम दोनों/हम सब) होंगे/होंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

अन्य रूप – **हसिहिमो, हसेहिमो, हसिहिमु, हसेहिमु, हसिहिम, हसेहिम**

ठाहिमो, ठाहिमु, ठाहिम

होहिमो, होहिमु, होहिम

(ग) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष बहुवचन में विकल्प से '**हिस्सा** और **हित्था**' प्रत्यय भी क्रियाओं में जोड़े जाते हैं और अकारान्त क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**इ**' और '**ए**' हो जाता है। जैसे-

(हस+हिस्सा, हित्था) = **हसिहिस्सा, हसिहित्था, हसेहिस्सा, हसेहित्था** = (हम दोनों/हम सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

---

1. साहित्य में ठास्सामो आदि का प्रयोग मिलता है लेकिन प्राकृत व्याकरण के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है। इसलिए ठास्सामो → **ठस्सामो** किया गया है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ठा+हिस्सा, हित्था) = **ठाहिस्सा, ठाहित्था** =

(हम दोनों/हम सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(हो+हिस्सा, हित्था) = **होहिस्सा, होहित्था** =

(हम दोनों/हम सब) होंगे/होंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

अन्य रूप –**हसिहिमो, हसेहिमो, हसिहिमु, हसेहिमु, हसिहिम, हसेहिम, हसिस्सामो, हसेस्सामो, हसिस्सामु, हसेस्सामु, हसिस्साम, हसेस्साम, हसिहामो, हसेहामो, हसिहामु, हसेहामु, हसिहाम, हसेहाम**

ठाहिमो, ठाहिमु, ठाहिम,

ठास्सामो→**ठस्सामो**, ठास्सामु→**ठस्सामु**, ठास्साम→**ठस्साम,**

ठाहामो, ठाहामु, ठाहाम

होहिमो, होहिमु, होहिम, होस्सामो, होस्सामु, होस्साम, होहामो, होहामु, होहाम

(घ) शौरसेनी प्राकृत में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष बहुवचन में **'स्सि'** प्रत्यय जोड़ा जाता है और इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन के **'मो, मु और म'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स्सि+मो, मु, म) = **हसिस्सिमो, हसिस्सिमु, हसिस्सिम** =

(हम दोनों/हम सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(ठा+स्सि+मो, मु, म) = ठास्सिमो→**ठस्सिमो**, ठास्सिमु→**ठस्सिमु**, ठास्सिम→**ठस्सिम** = (हम दोनों/हम सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(हो+स्सि+मो, मु, म) = **होस्सिमो, होस्सिमु, होस्सिम** =

(हम दोनों/हम सब) होंगे/होंगी। (भवि.उ.पु.बहु.)

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

16.(क) प्राकृत भाषा में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'हि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन के **'सि और से'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+हि+सि, से) =**हसिहिसि, हसिहिसे, हसेहिसि, हसेहिसे** = (तुम) हँसोगे /हँसोगी। (भविं.म.पु.एक.)

(ख) प्राकृत भाषा में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'हि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन का **'सि'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है। जैसे-

(ठा+हि+सि) = **ठाहिसि** = (तुम) ठहरोगे /ठहरोगी। (भवि.म.पु.एक.)

(हो+हि+सि) = **होहिसि** = (तुम) होओगे /होओगी। (भवि.म.पु.एक.)

(ग) शौरसेनी प्राकृत में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'स्सि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन के **'सि और से'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स्सि+सि, से) = **हसिस्सिसि, हसिस्सिसे** = (तुम) हँसोगे/हँसोगी। (भवि.म.पु.एक.)

(घ) शौरसेनी प्राकृत में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'स्सि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन का **'सि'** प्रत्यय जोड़ दिया जाता है। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ठा+स्सि+सि) =ठास्सिसि→**ठस्सिसि**=(तुम) ठहरोगे /ठहरोगी। (भवि.म.पु.एक.)

(हो+स्सि+सि) = **होस्सिसि** = (तुम) होओगे /होओगी। (भवि.म.पु.एक.)

(ङ) अर्धमागधी प्राकृत में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'स्स'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन के **'सि और से'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स्स+सि, से) =**हसिस्ससि, हसिस्ससे, हसेस्ससि, हसेस्ससे** = (तुम) हँसोगे /हँसोगी। (भवि.म.पु.एक.)

(च) अर्धमागधी प्राकृत में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष एकवचन में **'स्स'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन का **'सि'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है। जैसे-

(ठा+स्स+सि) = ठास्ससि→**ठस्ससि**= (तुम) ठहरोगे /ठहरोगी। (भवि.म.पु.एक.)

(हो+स्स+सि) = **होस्ससि** = (तुम) होओगे/होओगी। (भवि.म.पु.एक.)

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

17.(क) प्राकृत भाषा में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'हि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन के **'ह और इत्था'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+हि+ह, इत्था) = **हसिहिह, हसेहिह, हसिहित्था, हसेहित्था** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसोगे/हँसोगी। (भवि.म.पु.बहु)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ख) प्राकृत भाषा में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'हि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन के **'ह और इत्था'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं।

(ठा+हि+ह, इत्था) = **ठाहिह, ठाहित्था** =

(तुम दोनों/तुम सब) ठहरोगे/ठहरोगी। (भवि.म.पु.बहु.)

(हो+हि+ह, इत्था) = **होहिह, होहित्था** =

(तुम दोनों/तुम सब) होवोगे/होवोगी। (भवि.म.पु.बहु.)

(ग) शौरसेनी प्राकृत में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'स्सि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन का **'ध'** प्रत्यय विकल्प से जोड़ दिया जाता है और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स्सि+ध) = **हसिस्सिध** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसोगे/हँसोगी।

(भवि.म.पु.बहु)

अन्य रूप - **हसिस्सिह, हसिस्सिइत्था**

(घ) शौरसेनी प्राकृत में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'स्सि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन का **'ध'** प्रत्यय विकल्प से जोड़ दिया जाता है।

(ठा+स्सि+ध) = ठास्सिध→**ठस्सिध**= (तुम दोनों/तुम सब) ठहरोगे/ठहरोगी।

(भवि.म.पु.बहु.)

(हो+स्सि+ध) = **होस्सिध** = (तुम दोनों/तुम सब) होवोगे/होवोगी। (भवि.म.पु.बहु.)

अन्य रूप - ठास्सिह→**ठस्सिह**, ठास्सिइत्था→**ठस्सिइत्था**

होस्सिह, होस्सिइत्था

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ङ) अर्धमागधी प्राकृत में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष बहुवचन में '**स्स**' प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन के '**ह** और **इत्था**' प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**इ**' और '**ए**' हो जाता है। जैसे-

(हस+स्स+ह,इत्था)=**हसिस्सह, हसिस्सइत्था, हसेस्सह, हसेस्सइत्था**=

(तुम दोनों/तुम सब) हँसोगे /हँसोगी। (भवि.म.पु.बहु.)

(च) अर्धमागधी प्राकृत में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष बहुवचन में '**स्स**' प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन के '**ह** और **इत्था**' प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं। जैसे-

(ठा+स्स+ह,इत्था) = ठास्सह→**ठस्सह**, ठास्सइत्था→**ठस्सइत्था** =

(तुम दोनों/तुम सब) ठहरोगे/ठहरोगी। (भवि.म.पु.बहु.)

(हो+स्स+ह,इत्था) = **होस्सह, होस्सइत्था** =

(तुम दोनों/तुम सब) होओगे /होओगी। (भवि.म.पु.बहु.)

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

18.(क) प्राकृत भाषा में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष एकवचन में '**हि**' प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन के '**इ** और **ए**' प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**इ**' और '**ए**' हो जाता है। जैसे-

(हस+हि+इ, ए) = **हसिहिइ, हसेहिइ, हसिहिए, हसेहिए** =

(वह) हँसेगा/हँसेगी। (भवि.अ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ख) प्राकृत भाषा में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष एकवचन में **'हि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन का **'इ'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है।

(ठा+हि+इ) = **ठाहिइ** = (वह) ठहरेगा/ठहरेगी। (भवि.अ.पु.एक.)

(हो+हि+इ) = **होहिइ** = (वह) होवेगा/होवेगी। (भवि.अ.पु.एक.)

(ग) शौरसेनी प्राकृत में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष एकवचन में **'स्सि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन के **'दि और दे'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स्सि+दि, दे) = **हसिस्सिदि, हसिस्सिदे** =(वह) हँसेगा/हँसेगी। (भवि.अ.पु.एक.)

(घ) शौरसेनी प्राकृत में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष एकवचन में **'स्सि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन का **'दि'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है। जैसे-

(ठा+स्सि+दि) = ठास्सिदि→**ठस्सिदि**= (वह) ठहरेगा/ठहरेगी। (भवि.अ.पु.एक.)

(हो+स्सि+दि) = **होस्सिदि** = (वह) होवेगा/होवेगी। (भवि.अ.पु.एक.)

(ङ) अर्धमागधी प्राकृत में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष एकवचन में **'स्स'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन के **'इ और ए'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(हस+स्स+इ,ए,दि,दे) = **हसिस्सइ, हसिस्सए, हसेस्सइ, हसेस्सए,** =
(वह) हँसेगा/हँसेगी। (भवि.अ.पु.एक.)

(च) अर्धमागधी प्राकृत में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष एकवचन में **'स्स'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन का **'इ'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है। जैसे-

(ठा+स्स+इ) = ठास्सइ→**ठस्सइ** = (वह) ठहरेगा/ठहरेगी। (भवि.अ.पु.एक.)

(हो+स्स+इ) = **होस्सइ** = (वह) होवेगा/होवेगी। (भवि.अ.पु.एक.)

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

19.(क) प्राकृत भाषा में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष बहुवचन में **'हि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन के **'न्ति, न्ते और इरे'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+हि+न्ति, न्ते, इरे) = **हसिहिन्ति, हसेहिन्ति, हसिहिन्ते, हसेहिन्ते, हसिहिइरे, हसेहिइरे** = (वे दोनों/वे सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भवि.अ.पु.बहु.)

(ख) प्राकृत भाषा में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष बहुवचन में **'हि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन के **'न्ति, न्ते** और **इरे'** प्रत्यय भी जोड़ दिये जाते हैं। जैसे-

(ठा+हि+न्ति, न्ते, इरे) = **ठाहिन्ति, ठाहिन्ते, ठाहिइरे** या **ठाहिरे** =
(वे दोनों/वे सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी।(भवि.अ.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(हो+हि+न्ति, न्ते, इरे) = **होहिन्ति, होहिन्ते, होहिइरे** या **होहिरे** =
(वे दोनों/वे सब) होंगे/होंगी। (भवि.अ.पु.बहु.)

(ग) शौरसेनी प्राकृत में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष बहुवचन में **'स्सि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन के **'न्ति, न्ते** और **इरे'** प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स्सि+न्ति, न्ते, इरे) = **हसिस्सिन्ति, हसिस्सिन्ते, हसिस्सिइरे**
= (वे दोनों/वे सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भवि.अ.पु.बहु.)

(घ) शौरसेनी प्राकृत में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष बहुवचन में **'स्सि'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन के **'न्ति, न्ते** और **इरे'** प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं। जैसे-

(ठा+स्सि+न्ति, न्ते, इरे) = ठास्सिन्ति→**ठस्सिन्ति**, ठास्सिन्ते→**ठस्सिन्ते**, ठास्सिइरे→**ठस्सिइरे** = (वे दोनों/वे सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी। (भवि.अ.पु.बहु.)

(हो+स्सि+न्ति, न्ते, इरे) = **होस्सिन्ति, होस्सिन्ते, होस्सिइरे** =
(वे दोनों/वे सब) होंगे/होंगी। (भवि.अ.पु.बहु.)

(ङ) अर्धमागधी प्राकृत में अकारान्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष बहुवचन में **'स्स'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन के **'न्ति, न्ते** और **इरे'** प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(हस+स्स+न्ति, न्ते, इरे) = **हसिस्सन्ति, हसेस्सन्ति, हसिस्सन्ते, हसेस्सन्ते, हसिस्सइरे, हसेस्सइरे** =

(वे दोनों/वे सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भवि.अ.पु.बहु.)

(च) अर्धमागधी प्राकृत में आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष बहुवचन में '**स्स**' प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन के '**न्ति, न्ते** और **इरे**' प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं। जैसे-

(ठा+स्स+न्ति, न्ते, इरे) = ठास्सन्ति→**ठस्सन्ति**, ठास्सन्ते→**ठस्सन्ते**, ठास्सइरे→**ठस्सइरे** = (वे दोनों/वे सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी। (भवि.अ.पु.बहु.)

(हो+स्स+न्ति, न्ते, इरे) = **होस्सन्ति, होस्सन्ते, होस्सइरे** =

(वे दोनों/वे सब) होंगे/होंगी। (भवि.अ.पु.बहु.)

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

कुछ क्रियाओं की भविष्यत्काल में विभिन्न प्रकार से अभिव्यक्ति

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

20. प्राकृत भाषा में आकारान्त '**का और दा**' क्रिया में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष एकवचन में विकल्प से '**हं**' प्रत्यय जोड़ा जाता है। जैसे-

(का+हं) = **काहं** = (मैं) करूँगा/करूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

(दा+हं) = **दाहं** = (मैं) दूँगा/दूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **काहिमि, दाहिमि**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भविष्यत्काल

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

21. प्राकृत भाषा में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष एकवचन में निम्न क्रियाओं में **'अनुस्वार'** जोड़ा जाता है। जैसे-

(सोच्छ+ं) = **सोच्छं** (मैं) सुनूँगा। (भवि.उ.पु.एक.)

(गच्छ+ं) = **गच्छं** (मैं) जाऊँगा। (भवि.उ.पु.एक.)

(रोच्छ+ं) = **रोच्छं** (मैं) रोऊँगा। (भवि.उ.पु.एक.)

(वेच्छ+ं) = **वेच्छं** (मैं) जानूँगा। (भवि.उ.पु.एक.)

(दच्छ+ं) = **दच्छं** (मैं) देखूँगा। (भवि.उ.पु.एक.)

(मोच्छ+ं) = **मोच्छं** (मैं) छोडूँगा। (भवि.उ.पु.एक.)

(वोच्छ+ं) = **वोच्छं** (मैं) कहूँगा। (भवि.उ.पु.एक.)

(छेच्छ+ं) = **छेच्छं** (मैं) छेदूँगा। (भवि.उ.पु.एक.)

(भेच्छ+ं) = **भेच्छं** (मैं) भेदूँगा। (भवि.उ.पु.एक.)

(भोच्छ+ं) = **भोच्छं** (मैं) खाऊँगा। (भवि.उ.पु.एक.)

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

22. प्राकृत भाषा में उपर्युक्त सोच्छ आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष एकवचन में विकल्प से **'हि'** प्रत्यय का लोप करके वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन का **'मि'** प्रत्यय जोड़ दिया जाता है, अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** या **'ए'** कर दिया जाता है। जैसे-

(सोच्छ+मि) = **सोच्छिमि, सोच्छेमि** = (मैं) सुनूँगा। । (भवि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **सोच्छिहिमि, सोच्छिस्सामि, सोच्छिहामि, सोच्छिस्सं, सोच्छं**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

23. प्राकृत भाषा में उपर्युक्त सोच्छ, गच्छ आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के उत्तम पुरुष बहुवचन में विकल्प से 'हि' प्रत्यय का लोप करके वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन के '**मो, मु** और **म**' प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं, अकारान्त क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**इ**' या '**ए**' कर दिया जाता है। जैसे-

(सोच्छ+मो, मु, म) = **सोच्छिमो, सोच्छेमो, सोच्छिमु, सोच्छेमु, सोच्छिम, सोच्छेम** = (हम दोनों/हम सब) सुनेंगे। (भवि.उ.पु.बहु.)

अन्य रूप - **सोच्छिहिमो, सोच्छिहिमु, सोच्छिहिम**
सोच्छिस्सामो, सोच्छिस्सामु, सोच्छिस्साम
सोच्छिहामो, सोच्छिहामु, सोच्छिहाम
सोच्छिहिस्सा, सोच्छिहित्था

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

24. प्राकृत भाषा में उपर्युक्त सोच्छ, गच्छ आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष एकवचन में विकल्प से 'हि' प्रत्यय का लोप करके वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन के '**सि**' और '**से**' प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं, अकारान्त क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**इ**' या '**ए**' कर दिया जाता है। जैसे-

(सोच्छ+सि, से) = **सोच्छिसि, सोच्छेसि, सोच्छिसे, सोच्छेसे** = (तुम) सुनोगे। (भवि.म.पु.एक.)

अन्य रूप - **सोच्छिहिसि, सोच्छिस्ससि, सोच्छिहिसे, सोच्छिस्ससे**

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

25. प्राकृत भाषा में उपर्युक्त सोच्छ, गच्छ आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के मध्यम पुरुष बहुवचन में विकल्प से 'हि' प्रत्यय का लोप करके वर्तमानकाल

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

के मध्यम पुरुष बहुवचन के **'ह, और इत्था'** प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं, अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** या **'ए'** कर दिया जाता है। जैसे-

(सोच्छ+ह, इत्था) = **सोच्छिह, सोच्छेह, सोच्छित्था, सोच्छेइत्था**

= (तुम दोनों/तुम सब) सुनोगे (भवि.म.पु.बहु.)

अन्य रूप - **सोच्छिहिह, सोच्छिहित्था, सोच्छिस्सह, सोच्छिस्सइत्था,**

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

26. प्राकृत भाषा में उपर्युक्त सोच्छ, गच्छ आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष एकवचन में <u>विकल्प से</u> **'हि'** प्रत्यय का लोप करके वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन के **'इ'** और **'ए'** प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं, अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** या **'ए'** कर दिया जाता है। जैसे-

(सोच्छ+इ, ए) = **सोच्छिइ, सोच्छेइ, सोच्छिए, सोच्छेए** =

(वह) सुनेगा। । (भवि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **सोच्छिहिइ, सोच्छिस्सइ, सोच्छिहिए, सोच्छिस्सए**

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

27. प्राकृत भाषा में उपर्युक्त सोच्छ, गच्छ आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अन्य पुरुष बहुवचन में <u>विकल्प से</u> **'हि'** प्रत्यय का लोप करके वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन के **'न्ति , न्ते और इरे'** प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं, अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** या **'ए'** कर दिया जाता है। जैसे-

(सोच्छ+न्ति, न्ते, इरे) = **सोच्छिन्ति, सोच्छेन्ति, सोच्छन्ते, सोच्छिरे**

= (वे दोनों/वे सब) सुनेंगे। (भवि.अ.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अन्य रूप - **सोच्छिहिन्ति, सोच्छिहिन्ते, सोच्छिहिइरे**

सोच्छिस्सन्ति, सोच्छिस्सन्ते, सोच्छिस्सइरे

विधि एवं आज्ञा

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

28.(क) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के उत्तम पुरुष एकवचन में **'मु'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। **'मु'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+मु) = **हसमु, हसेमु** = (मैं) हँसूँ। (विधि.उ.पु. एक)

(ठा+मु) = **ठामु** = (मैं) ठहरूँ। (विधि.उ.पु.एक)

(हो+मु) = **होमु** = (मैं) होऊँ। (विधि.उ.पु.एक)

(ख) अर्धमागधी प्राकृत में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के उत्तम पुरुष एकवचन में **'एज्जा'** और **'एज्जामि'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

(हस+एज्जा, एज्जामि) = **हसेज्जा, हसेज्जामि** = (मैं) हँसूँ। (विधि.उ.पु.एक.)

(ठा+एज्जा, एज्जामि)= **ठाएज्जा, ठाएज्जामि** = (मैं) ठहरूँ। (विधि.उ.पु.एक)

(हो+एज्जा, एज्जामि) = **होज्जा, होज्जामि** = (मैं) होऊँ। (विधि.उ.पु.एक)

कभी-कभी अकारान्त क्रियाओं के उत्तम पुरुष एकवचन में **'ए'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है। जैसे- हस+ए = हसे

(प्राकृत के नियमानुसार ओकारान्त तथा एकारान्त आदि क्रियाओं में एज्जा का **'ए'** हटा दिया जाता है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

29.(क) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के उत्तम पुरुष बहुवचन में **'मो'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। **'मो'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'आ'** और **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+मो)=**हसमो, हसामो, हसेमो**= (हम दोनों/हम सब) हँसें। (विधि.उ.पु.बहु)

(ठा+मो) = **ठामो** = (हम दोनों/हम सब) ठहरें।. (विधि.उ.पु.बहु)

(हो+मो) = **होमो** = (हम दोनों/हम सब) होवें। (विधि.उ.पु.बहु)

(ख) अर्धमागधी में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के उत्तम पुरुष बहुवचन में **'एज्जाम'** प्रत्यय क्रिया में लगता है। जैसे-

(हस+एज्जाम) = **हसेज्जाम** = (हम दोनों/हम सब) हँसें। (विधि.उ.पु.बहु.)

(ठा+एज्जाम) = **ठाएज्जाम** = (हम दोनों/हम सब) ठहरें। (विधि.उ.पु.बहु)

(हो+एज्जाम) = **होज्जाम** = (हम दोनों/हम सब) होवें। (विधि.उ.पु.बहु)

(प्राकृत के नियमानुसार ओकारान्त तथा एकारान्त आदि क्रियाओं में एज्जा का **'ए'** हटा दिया जाता है)।

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

30.(क) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के मध्यम पुरुष एकवचन में **'सु'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। **'सु'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+सु) = **हससु, हसेसु** = (तुम) हँसो। (विधि.म.पु.एक)

(ठा+सु) = **ठासु** = (तुम) ठहरो। (विधि.म.पु.एक)

(हो+सु) = **होसु** = (तुम) होवो। (विधि.म.पु.एक)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ख) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के मध्यम पुरुष एकवचन में विकल्प से **'हि'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। **'हि'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+हि) = **हसहि, हसेहि** = (तुम) हँसो। (विधि.म.पु.एक)

(ठा+हि) = **ठाहि** = (तुम) ठहरो। (विधि.म.पु.एक)

(हो+हि) = **होहि** = (तुम) होवो। (विधि.म.पु.एक)

अन्य रूप - **हससु, हसेसु**

ठासु

होसु

(ग) प्राकृत भाषा में अकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के मध्यम पुरुष एकवचन में विकल्प से **'इज्जसु, इज्जहि, इज्जे** और **लोप (0)'** प्रत्यय भी क्रियाओं में लगते हैं। **'इज्जसु, इज्जहि, इज्जे** और **लोप (0)'** प्रत्यय लगने पर **अ+इ = ए** हो जाता है। जैसे-

(हस+इज्जसु, इज्जहि, इज्जे, 0) = **हसेज्जसु, हसेज्जहि, हसेज्जे, हस** = (तुम) हँसो। (विधि.म.पु.एक)

अन्य रूप - **हससु, हसेसु, हसहि, हसेहि**

(घ) अर्धमागधी में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के मध्यम पुरुष एकवचन में **'एज्जा'**, **'एज्जासि'** और **'एज्जाहि'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

(हस+एज्जा, एज्जासि, एज्जाहि, ए)= **हसेज्जा, हसेज्जासि, हसेज्जाहि** = (तुम) हँसो। (विधि.म.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ठा+एज्जा, एज्जासि, एज्जाहि) = **ठाएज्जा, ठाएज्जासि, ठाएज्जाहि** = (तुम) ठहरो। (विधि.म.पु.एक)

(हो+एज्जा, एज्जासि, एज्जाहि) = **होज्जा, होज्जासि, होज्जाहि** = (तुम) होवो। (विधि.म.पु.एक)

कभी-कभी अकारान्त क्रियाओं के मध्यम पुरुष एकवचन में **'ए'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है। जैसे- हस+ए = हसे

(प्राकृत के नियमानुसार ओकारान्त तथा एकारान्त आदि क्रियाओं में एज्जा का **'ए'** हटा दिया जाता है)।

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

31.(क) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'ह'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। **'ह'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+ह) = **हसह, हसेह** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसो। (विधि.म.पु.बहु)

(ठा+ह) = **ठाह** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरो। (विधि.म.पु.बहु)

(हो+ह) = **होह** = (तुम दोनों/तुम सब) होवो। (विधि.म.पु.बहु)

(ख) शौरसेनी प्राकृत में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'ध'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। **'ध'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+ध) = **हसध, हसेध** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसो। (विधि.म.पु.बहु)

(ठा+ध) = **ठाध** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरो। (विधि.म.पु.बहु)

(हो+ध) = **होध** = (तुम दोनों/तुम सब) होवो। (विधि.म.पु.बहु)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ग) अर्धमागधी में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के मध्यम पुरुष बहुवचन में **'एज्जाह'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

(हस+एज्जाह) = **हसेज्जाह** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसो। (विधि.म.पु.बहु.)

(ठा+एज्जाह) = **ठाएज्जाह** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसो। (विधि.म.पु.बहु.)

(हो+एज्जाह) = **होज्जाह** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसो। (विधि.म.पु.बहु.)

(प्राकृत के नियमानुसार ओकारान्त तथा एकारान्त आदि क्रियाओं में एज्जा का 'ए' हटा दिया जाता है)।

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

32.(क) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के अन्य पुरुष एकवचन में **'उ'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। **'उ'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+उ) = **हसउ, हसेउ** = (वह) हँसे। (विधि.अ.पु.एक)

(ठा+उ) = **ठाउ** = (वह) ठहरे। (विधि.अ.पु.एक)

(हो+उ) = **होउ** = (वह) होवे। (विधि.अ.पु.एक)

(ख) शौरसेनी प्राकृत में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के अन्य पुरुष एकवचन में **'दु'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। **'दु'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+दु) = **हसदु, हसेदु** = (वह) हँसे। (विधि.अ.पु.एक)

(ठा+दु) = **ठादु** = (वह) ठहरे। (विधि.अ.पु.एक)

(हो+दु) = **होदु** = (वह) होवे। (विधि.अ.पु.एक)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ग) अर्धमागधी में अकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के अन्य पुरुष एकवचन में **'ए'** और **'एज्जा'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

(हस+ए, एज्जा) = **हसे, हसेज्जा** = (वह) हँसे। (विधि.अ.पु.एक.)

(घ) अर्धमागधी में आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के अन्य पुरुष एकवचन में **'एज्जा'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

(ठा+एज्जा) = **ठाएज्जा** = (वह) ठहरे। (विधि.अ.पु.एक)

(हो+एज्जा) = **होज्जा** = (वह) होवे। (विधि.अ.पु.एक)

(प्राकृत के नियमानुसार ओकारान्त तथा एकारान्त आदि क्रियाओं में एज्जा का **'ए'** हटा दिया जाता है)।

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

33.(क) प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के अन्य पुरुष बहुवचन में **'न्तु'** प्रत्यय क्रिया में लगता है। **'न्तु'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+न्तु) = **हसन्तु, हसेन्तु** = (वे दोनों/वे सब) हँसें। (विधि.अ.पु.बहु)

(ठा+न्तु) = ठान्तु→**ठन्तु** = (वे दोनों/वे सब) ठहरें। (विधि.अ.पु.बहु)

(हो+न्तु) = **होन्तु** = (वे दोनों/वे सब) होवें। (विधि.अ.पु.बहु)

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

(ख) अर्धमागधी में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के अन्य पुरुष बहुवचन में **'एज्जा'** प्रत्यय क्रिया में लगता है। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(हस+एज्जा) = **हसेज्जा** = (वे दोनों/वे सब) हँसें। (विधि.अ.पु.बहु.)

(ठा+एज्जा) = **ठाएज्जा** = (वे दोनों/वे सब) ठहरें। (विधि.अ.पु.बहु)

(हो+एज्जा) = **होज्जा** = (वे दोनों/वे सब) होवें। (विधि.अ.पु.बहु)

(प्राकृत के नियमानुसार ओकारान्त तथा एकारान्त आदि क्रियाओं में एज्जा का **'ए'** हटा दिया जाता है)।

---

34. प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष व अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में विकल्प से **'ज्ज'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है। **'ज्ज'** प्रत्यय जोड़ने के बाद विकल्प से **'इ'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+ज्ज+इ) = **हसेज्जइ** = (मैं) हसूँ। (विधि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **हसमु, हसेमु, हसेज्ज, हसेज्जा**

(ठा+ज्ज+इ) = ठाज्जइ→**ठज्जइ** = (मैं) ठहरूँ। (विधि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **ठामु, ठज्ज, ठज्जा**

(हो+ज्ज+इ) = **होज्जइ** = (मैं) होऊँ। (विधि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **होमु, होज्ज, होज्जा**

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

अकारान्त क्रिया

विधि एवं आज्ञा (हस)

पुरुष	**एकवचन**	**बहुवचन**
उत्तम	हसेज्जइ	हसेज्जइ
मध्यम	हसेज्जइ	हसेज्जइ
अन्य	हसेज्जइ	हसेज्जइ

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विधि एवं आज्ञा (ठा)

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	ठज्जइ	ठज्जइ
मध्यम	ठज्जइ	ठज्जइ
अन्य	ठज्जइ	ठज्जइ

विधि एवं आज्ञा (हो)

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	होज्जइ	होज्जइ
मध्यम	होज्जइ	होज्जइ
अन्य	होज्जइ	होज्जइ

---

35. प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के, भविष्यत्काल के एवं विधि एवं आज्ञा के उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष व अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में विकल्प से '**ज्ज** और **ज्जा**' प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं। '**ज्ज** और **ज्जा**' प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**ए**' हो जाता है। जैसे-

(हस+ज्ज, ज्जा) = **हसेज्ज, हसेज्जा** = (मैं) हँसता हूँ। (व.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **हसमि, हसामि, हसेमि**

(हस+ज्ज, ज्जा) = **हसेज्ज, हसेज्जा** = (मैं) हसूँगा। (भवि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **हसिहिमि, हसिस्सामि, हसिस्सिमि, हसिहामि, हसिस्सं**

(हस+ज्ज, ज्जा) = **हसेज्ज, हसेज्जा** = (मैं) हसूँ। (विधि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **हसमु, हसेमु**

(ठा+ज्ज, ज्जा) = ठाज्ज→**ठज्ज**, ठाज्जा→**ठज्जा** = (मैं) ठहरता हूँ/ ठहरती हूँ (व.उ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अन्य रूप - **ठामि**

(ठा+ज्ज, ज्जा) = **ठज्ज, ठज्जा** = (मैं) ठहरूँगा/ठहरूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **ठाहिमि, ठास्सामि, ठास्सिमि, ठाहामि, ठास्सं**

(ठा+ज्ज, ज्जा) = **ठज्ज, ठज्जा** = (मैं) ठहरूँ। (विधि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **ठामु**

(हो+ज्ज, ज्जा) = **होज्ज, होज्जा** = (मैं) होता हूँ/होती हूँ (व.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **होमि**

(हो+ज्ज, ज्जा) = **होज्ज, होज्जा** = (मैं) होऊँगा/होऊँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **होहिमि, होस्सामि, होस्सिमि, होहामि, होस्सं**

(हो+ज्ज, ज्जा) = **होज्ज, होज्जा** = (मैं) होऊँ। (विधि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **होमु**

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

अकारान्त क्रिया (हस)

वर्तमानकाल

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा
मध्यम	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा
अन्य	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा

भविष्यत्काल

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा
मध्यम	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा
अन्य	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विधि एवं आज्ञा

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा
मध्यम	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा
अन्य	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा

आकारान्त क्रिया (ठा)

वर्तमानकाल

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	ठज्ज, ठज्जा	ठज्ज, ठज्जा
मध्यम	ठज्ज, ठज्जा	ठज्ज, ठज्जा
अन्य	ठज्ज, ठज्जा	ठज्ज, ठज्जा

भविष्यत्काल

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	ठज्ज, ठज्जा	ठज्ज, ठज्जा
मध्यम	ठज्ज, ठज्जा	ठज्ज, ठज्जा
अन्य	ठज्ज, ठज्जा	ठज्ज, ठज्जा

विधि एवं आज्ञा

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	ठज्ज, ठज्जा	ठज्ज, ठज्जा
मध्यम	ठज्ज, ठज्जा	ठज्ज, ठज्जा
अन्य	ठज्ज, ठज्जा	ठज्ज, ठज्जा

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ओकारान्त क्रिया (हो)

वर्तमानकाल

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	होज्ज, होज्जा	होज्ज, होज्जा
मध्यम	होज्ज, होज्जा	होज्ज, होज्जा
अन्य	होज्ज, होज्जा	होज्ज, होज्जा

भविष्यत्काल

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	होज्ज, होज्जा	होज्ज, होज्जा
मध्यम	होज्ज, होज्जा	होज्ज, होज्जा
अन्य	होज्ज, होज्जा	होज्ज, होज्जा

विधि एवं आज्ञा

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	होज्ज, होज्जा	होज्ज, होज्जा
मध्यम	होज्ज, होज्जा	होज्ज, होज्जा
अन्य	होज्ज, होज्जा	होज्ज, होज्जा

---

36. प्राकृत भाषा में केवल आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के, भविष्यत्काल के एवं विधि एवं आज्ञा के प्रत्ययों के मध्य में विकल्प से उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष व अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में **'ज्ज** और **ज्जा'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं।

यहाँ आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के, भविष्यत्काल के एवं विधि एवं आज्ञा के उत्तम पुरुष एकवचन के उदाहरण दिए जा रहे

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

हैं इसी तरह उत्तम पुरुष बहुवचन, मध्यम पुरुष एकवचन व बहुवचन तथा अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन के रूप बना लेने चाहिए। जैसे-

आकारान्त क्रिया (ठा)

(क) (ठा+ज्ज, ज्जा+मि) =ठाज्जमि→**ठज्जमि**, ठाज्जामि→**ठज्जामि** = (मैं) ठहरता हूँ/ठहरती हूँ (व.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **ठामि**

(ख) (ठा+ज्ज, ज्जा+हि, स्सा, स्सि, हा+मि) = ठाज्जहिमि→**ठज्जहिमि**, ठाज्जाहिमि→**ठज्जाहिमि**, ठाज्जस्सामि→**ठज्जस्सामि**, ठाज्जास्सामि→**ठज्जास्सामि**,ठाज्जस्सिमि→**ठज्जस्सिमि**, ठाज्जास्सिमि→**ठज्जास्सिमि**, ठाज्जहामि→**ठज्जहामि**, ठाज्जाहामि→**ठज्जाहामि** = (मैं) ठहरूँगा/ठहरूँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **ठाहिमि, ठस्सामि, ठस्सिमि, ठाहामि, ठस्सं**

(ग) (ठा+ज्ज, ज्जा+मु) = ठाज्जमु→**ठज्जमु**, ठाज्जामु→**ठज्जामु** (मैं) ठहरूँ। (विधि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **ठामु**

(प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है)।

ओकारान्त क्रिया (हो)

(क) (हो+ज्ज, ज्जा+मि)=**होज्जमि, होज्जामि**=(मैं) होता हूँ/होती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **होमि**

(ख) (हो+ज्ज, ज्जा+हि, स्सा, स्सि, हा+मि) = **होज्जहिमि, होज्जाहिमि, होज्जस्सामि, होज्जास्सामि, होज्जस्सिमि, होज्जास्सिमि, होज्जहामि, होज्जाहामि** = (मैं) होऊँगा/होऊँगी। (भवि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **होहिमि, होस्सामि, होस्सिमि, होहामि, होस्सं**

(ग) (हो+ज्ज, ज्जा+मु) = **होज्जमु, होज्जामु** = (मैं) होऊँ। (विधि.उ.पु.एक.)

अन्य रूप - **होमु**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ओकारान्त क्रिया (हो)

वर्तमानकाल

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	होज्जमि, होज्जामि	होज्जमो, होज्जामो होज्जमु, होज्जामु होज्जम, होज्जाम
मध्यम	होज्जसि, होज्जासि	होज्जइत्था/होज्जित्था होज्जाइत्था होज्जह, होज्जाह
अन्य	होज्जइ, होज्जाइ	होज्जन्ति, होज्जान्ति होज्जन्ते, होज्जान्ते होज्जइरे, होज्जाइरे

भविष्यत्काल

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	(i) होज्जहिमि, होज्जाहिमि	होज्जहिमो, होज्जाहिमो होज्जहिमु, होज्जाहिमु होज्जहिम, होज्जाहिम
	(ii) होज्जस्सामि, होज्जास्सामि	होज्जस्सामो, होज्जास्सामो होज्जस्सामु, होज्जास्सामु होज्जस्साम, होज्जास्साम
	(iii) होज्जस्सिमि, होज्जास्सिमि	होज्जस्सिमो, होज्जास्सिमो होज्जस्सिमु, होज्जास्सिमु होज्जस्सिम, होज्जास्सिम
	(iv) होज्जहामि, होज्जाहामि	होज्जहामो, होज्जाहामो होज्जहामु, होज्जाहामु होज्जहाम, होज्जाहाम

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मध्यम	होज्जहिसि, होज्जाहिसि	होज्जहिह, होज्जाहिह होज्जहिध, होज्जाहिध होज्जहित्था, होज्जाहित्था
अन्य	(i) होज्जहिइ, होज्जाहिइ	होज्जहिन्ति, होज्जाहिन्ति होज्जहिन्ते, होज्जाहिन्ते होज्जहिरे, होज्जाहिरे
	(ii) होज्जस्सिदि, होज्जास्सिदि	होज्जस्सिन्ति, होज्जास्सिन्ति होज्जस्सिन्ते, होज्जास्सिन्ते होज्जस्सिइरे, होज्जास्सिइरे

विधि एवं आज्ञा

पुरुष	**एकवचन**	**बहुवचन**
उत्तम	होज्जमु, होज्जामु	होज्जमो, होज्जामो
मध्यम	होज्जहि, होज्जाहि होज्जसु, होज्जासु	होज्जह, होज्जाह
अन्य	होज्जउ, होज्जाउ	होज्जन्तु, होज्जान्तु

---

37. प्राकृत भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के क्रियातिपत्ति (यदि ऐसा होता तो ऐसा हो जाता) के उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष व अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में '**ज्ज** और **ज्जा**' प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं। '**ज्ज** और **ज्जा**' प्रत्यय जोड़ने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**ए**' हो जाता है। जैसे-

क्रियातिपत्ति

अकारान्त क्रिया (हस)

पुरुष	**एकवचन**	**बहुवचन**
उत्तम	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा
मध्यम	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा
अन्य	हसेज्ज, हसेज्जा	हसेज्ज, हसेज्जा

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कृदन्तों के प्रत्यय

विधि कृदन्त

1.(क) प्राकृत भाषा में **'चाहिए'** अर्थ में विधि कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। विधि कृदन्त में **'अव्व और यव्व'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है।
विधि कृदन्त में **'णीय'/'णिज्ज'** प्रत्यय केवल अकारान्त क्रियाओं में ही जोड़ा जाता है। जैसे-

(हस+अव्व) = **हसिअव्व, हसेअव्व** (हँसा जाना चाहिए)

(हस+यव्व) = **हसियव्व, हसेयव्व** (हँसा जाना चाहिए)

(हस+णीय/णिज्ज) = **हसणीय/हसणिज्ज** (हँसा जाना चाहिए)

(ख) शौरसेनी प्राकृत में विधि कृदन्त में **'दव्व'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+दव्व) = **हसिदव्व, हसेदव्व** (हँसा जाना चाहिए)

(ग) अर्धमागधी प्राकृत में विधि कृदन्त में **'तव्व'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+तव्व) = **हसितव्व, हसेतव्व** (हँसा जाना चाहिए)

सम्बन्धक भूतकृदन्त

2.(क) प्राकृत भाषा में **'करके'** अर्थ में सम्बन्धक भूतकृदन्त का प्रयोग किया जाता है। प्राकृत भाषा के अनुसार सम्बन्धक भूतकृदन्त में **'उं'**, **'अ'**, **'ऊण'**, **'ऊणं'**, **'उआण'** और **'उआणं'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

1. (हस+उं) = **हसिउं, हसेउं** (हँसकर)
2. (हस+अ) = **हसिअ, हसेअ** (हँसकर)
3. (हस+ऊण) = **हसिऊण, हसेऊण** (हँसकर)
4. (हस+ऊणं) = **हसिऊणं, हसेऊणं** (हँसकर)
5. (हस+उआण) = **हसिउआण, हसेउआण** (हँसकर)
6. (हस+उआणं) = **हसिउआणं, हसेउआणं** (हँसकर)

(ख) शौरसेनी प्राकृत के अनुसार सम्बन्धक भूतकृदन्त में '**इय**', '**दूण**', '**दूणं**', और '**त्ता**' प्रत्यय भी क्रियाओं में जोड़े जाते हैं और क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**इ**' और '**ए**' हो जाता है। जैसे-

1. (हस+इय) = **हसिय, हसेय** (हँसकर)
2. (हस+दूण) = **हसिदूण, हसेदूण** (हँसकर)
3. (हस+त्ता) = **हसित्ता, हसेत्ता** (हँसकर)

(ग) पैशाची प्राकृत के अनुसार सम्बन्धक भूतकृदन्त में '**तूण**' प्रत्यय भी क्रियाओं में जोड़े जाते हैं और क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**इ**' और '**ए**' हो जाता है।

1. (हस+तूण) = **हसितूण, हसेतूण** (हँसकर)

(घ) अर्धमागधी भाषा के अनुसार सम्बन्धक भूतकृदन्त में '**त्ताण, त्ताणं**', '**तुआण, तुआणं**', '**याण, याणं**', '**आए**' और '**आय**' प्रत्यय भी क्रियाओं में जोड़े जाते हैं और क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**इ**' और '**ए**' हो जाता है। जैसे-

1. (हस+त्ताण) = **हसित्ताण, हसेत्ताण** (हँसकर)
2. (हस+त्ताणं) = **हसित्ताणं, हसेत्ताणं** (हँसकर)
3. (हस+तुआण) = **हसितुआण, हसेतुआण** (हँसकर)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

4. (हस+तुआणं) = **हसितुआणं, हसेतुआणं** (हँसकर)

5. (हस+याण) = **हसियाण, हसेयाण** (हँसकर)

6. (हस+याणं) = **हसियाणं, हसेयाणं** (हँसकर)

7. (हस+आए) = **हसाए** (हँसकर)

8. (हस+आय) = **हसाय** (हँसकर)

हेत्वर्थक कृदन्त

3.(क) प्राकृत भाषा में **'के लिए'** अर्थ में हेत्वर्थक कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। हेत्वर्थक कृदन्त में **'उं'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+उं) = **हसिउं, हसेउं** (हँसने के लिए)

(ख) शौरसेनी भाषा के अनुसार हेत्वर्थक कृदन्त में **'दुं'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है।

(हस+दुं) = **हसिदुं, हसेदुं** (हँसने के लिए)

(ग) अर्धमागधी भाषा के अनुसार हेत्वर्थक कृदन्त में **'त्तए'** प्रत्यय भी क्रियाओं में जोड़ा जाता है और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+त्तए) = **हसित्तए, हसेत्तए** (हँसने के लिए)

भूतकालिक कृदन्त

4.(क) प्राकृत भाषा में भूतकाल का भाव प्रकट करने के लिए भूतकालिक कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। भूतकालिक कृदन्त में **'अ'/'य'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। जैसे-

(हस+अ) = **हसिअ** (हँसा)

(हस+य) = **हसिय** (हँसा)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ख) शौरसेनी भाषा में भूतकाल का भाव प्रकट करने के लिए भूतकालिक कृदन्त में **'द'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है।

(हस+द) = **हसिद** (हँसा)

(ग) अर्धमागधी भाषा में भूतकाल का भाव प्रकट करने के लिए भूतकालिक कृदन्त में **'त'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़ा जाता है और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। जैसे-

(हस+त) = **हसित** (हँसा)

वर्तमान कृदन्त

5. प्राकृत भाषा में **हँसता हुआ** आदि भावों को प्रकट करने के लिए वर्तमान कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। वर्तमान कृदन्त में **'न्त'** और **'माण'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+न्त) = **हसन्त, हसेन्त** (हँसता हुआ)

(हस+माण) = **हसमाण, हसेमाण** (हँसता हुआ)

---

6. प्राकृत भाषा के स्त्रीलिंग में **हँसती हुई** आदि भावों को प्रकट करने के लिए वर्तमान कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। वर्तमान कृदन्त में **'ई'** **'न्ता'**, **'न्ती'**, **'माणा'** और **'माणी'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं। जैसे-

(हस+ई) = **हसई** (हँसती हुई)

(हस+न्ता) = **हसन्ता**

हसन्ती (हँसती हुई)

(हस+माणा) = **हसमाणा** (हँसती हुई)

(हस+माणी) = **हसमाणी** (हँसती हुई)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भाववाच्य एवं कर्मवाच्य के प्रत्यय

1. प्राकृत भाषा में भाववाच्य तथा कर्मवाच्य का प्रयोग किया जाता है। अकर्मक क्रियाओं से **भाववाच्य** तथा सकर्मक क्रियाओं से **कर्मवाच्य** बनाया जाता है।

क्रिया का भाववाच्य में प्रयोग-नियम

प्राकृत भाषा में अकर्मक क्रियाओं से भाववाच्य बनाने के लिए **'इज्ज'** और **'ईअ'/'ईय'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

कर्ता में **तृतीया विभक्ति** (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी। क्रिया में उपर्युक्त प्रत्यय जोड़ने के पश्चात 'अन्य पुरुष एकवचन' के प्रत्यय भी काल के अनुसार लगा दिये जाते हैं।

'इज्ज' और **'ईअ'/'ईय'** प्रत्यय **वर्तमानकाल, भूतकाल** तथा **विधि एवं आज्ञा** में लगाये जाते हैं। जैसे-

(क) (i) (हस+इज्ज+इ) = **हसिज्जइ** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)
(हस+इज्ज+ए) = **हसिज्जए** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)
(हस+इज्ज+दि) = **हसिज्जदि** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)
(हस+इज्ज+दे) = **हसिज्जदे** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)
(ii) (हस+ईअ+इ) = **हसीअइ** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)
(हस+ईअ+ए) = **हसीअए** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)
(हस+ईअ+दि) = **हसीअदि** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)
(हस+ईअ+दे) = **हसीअदे** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(ख) (हस+इज्ज+ईअ) = **हसिज्जईअ (हसिज्जीअ)** = हँसा गया। (भू.अ.पु.एक.)
(हस+ईअ+ईअ) = **हसीअईअ (हसीईअ)** = हँसा गया। (भू.अ.पु.एक.)

(ग) (i) (हस+इज्ज+उ) = **हसिज्जउ** = हँसा जाए। (विधि.अ.पु.एक.)
(हस+इज्ज+दु) = **हसिज्जदु** = हँसा जाए। (विधि.अ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ii) (हस+ईअ+उ) = **हसीअउ** = हँसा जाए। (विधि.अ.पु.एक.)
(हस+ईअ+दु) = **हसीअदु** = हँसा जाए। (विधि.अ.पु.एक.)

---

2. भविष्यत्काल में क्रिया का **भविष्यत्काल** कर्तृवाच्य रूप ही बना रहता है उसमें 'इज्ज' **और 'ईअ'**/'ईय' प्रत्यय नहीं लगते। जैसे-

(क) (हस+हि+इ) = **हसिहिइ/हसेहिइ** = हँसा जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)
(हस+हि+ए) = **हसिहिए/हसेहिए** = हँसा जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)
(हस+हि+दि) = **हसिहिदि/हसेहिदि** = हँसा जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)
(हस+हि+दे) = **हसिहिदे/हसेहिदे** = हँसा जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

(ख) (हस+स्स+इ) = **हसिस्सइ/हसेस्सइ** = हँसा जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)
(हस+स्स+ए) = **हसिस्सए/हसेस्सए** = हँसा जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)
(हस+स्स+दि) = **हसिस्सदि/हसेस्सदि** = हँसा जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)
(हस+स्स+दे) = **हसिस्सदे/हसेस्सदे** = हँसा जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

(ग) (हस+स्सि+दि) = **हसिस्सिदि** = हँसा जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)
(हस+स्सि+दे) = **हसिस्सिदे** = हँसा जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

कृदन्तों का भाववाच्य में प्रयोग-नियम

भूतकालिक कृदन्त का भाववाच्य में प्रयोग-नियम

जब क्रिया अकर्मक होती है तो प्राकृत में भूतकालिक कृदन्त का भाववाच्य में प्रयोग होता है।

कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

कृदन्त में सदैव **'नपुंसकलिंग एकवचन'** ही होगा। जैसे-

हसिअं/हसिदं/हसियं/हसितं = हँसा गया।

नोट- जब अकर्मक क्रियाओं में भूतकालिक कृदन्त के प्रत्ययों को लगाया जाता है तो भूतकाल का भाव प्रकट करने के लिए इनका प्रयोग कर्तृवाच्य में

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भी किया जा सकता है। कर्ता पुल्लिंग, नपुंसकलिंग, स्त्रीलिंग में से जो भी होगा भूतकालिक कृदन्त के रूप भी उसी के अनुसार होंगे। जैसे-

(क) नरिंदो **हसिओ/हसिदो/हसियो/हसितो** = राजा हँसा। (पुल्लिंग एकवचन)

(ख) कमलं **विअसिअं/विअसिदं/विअसियं/विअसितं** = कमल खिला। (नपुंसकलिंग एकवचन)

(ग) ससा **हसिआ/हसिदा/हसिया/हसिता** = बहिन हँसी। (स्त्रीलिंग एकवचन)

विधि कृदन्त का भाववाच्य में प्रयोग-नियम

(क) जब क्रिया अकर्मक होती है तो प्राकृत भाषा में विधि कृदन्त का प्रयोग भाववाच्य में किया जाता है।

कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

कृदन्त में सदैव **'नपुंसकलिंग एकवचन'** ही होगा। जैसे-

हसिअव्वं/हसिदव्वं/हसियव्वं/हसितव्वं/हसणीयं = हँसा जाना चाहिए।

नोट- विधि कृदन्त कर्तृवाच्य में प्रयुक्त नहीं होता है।

क्रिया का कर्मवाच्य में प्रयोग-नियम

सकर्मक क्रियाओं से कर्मवाच्य बनाने के लिए प्राकृत भाषा में **'इज्ज'** और **'ईअ'/'ईय'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

कर्म में द्वितीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) के स्थान पर **प्रथमा विभक्ति** (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

क्रिया में उपर्युक्त प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् **(प्रथमा में परिवर्तित)** कर्म के अनुसार **'क्रिया'** में पुरुष और वचन के प्रत्यय काल के अनुरूप जोड़ दिए जाते हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

'इज्ज' और **'ईअ'/'ईय'** प्रत्यय वर्तमानकाल, भूतकाल तथा विधि एवं आज्ञा में लगाये जाते हैं। जैसे-

(क) (i) (कोक+इज्ज+इ) = **कोकिज्जइ** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(कोक+इज्ज+ए) = **कोकिज्जए** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(कोक+इज्ज+दि)= **कोकिज्जदि** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(कोक+इज्ज+दे) = **कोकिज्जदे** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(ii) (कोक+ईअ+इ) = **कोकीअइ** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(कोक+ईअ+ए) = **कोकीअए** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(कोक+ईअ+दि)= **कोकीअदि** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(कोक+ईअ+दे) = **कोकीअदे** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(ख) (i) (कोक+इज्ज+ईअ)= **कोकिज्जईअ (कोकिज्जीअ)** = बुलाया गया। (भू.अ.पु.एक.)

(ii) (कोक+ईअ+ईअ)= **कोकीअईअ (कोकीईअ)** = बुलाया गया। (भू.अ.पु.एक.)

(ग) (i) (कोक+इज्ज+उ) = **कोकिज्जउ** = बुलाया जाए। (विधि.अ.पु.एक.)

(कोक+इज्ज+दु) = **कोकिज्जदु** = बुलाया जाए। (विधि.अ.पु.एक.)

(ii) (कोक+ईअ+उ) = **कोकीअउ** = बुलाया जाए।(विधि.अ.पु.एक.)

(कोक+ईअ+दु) = **कोकीअदु** = बुलाया जाए। (विधि.अ.पु.एक.)

नोटः इस प्रकार उत्तम पुरुष व मध्यम पुरुष का प्रयोग एकवचन व बहुवचन में तथा अन्य पुरुष का प्रयोग बहुवचन में किया जा सकता है।

---

2. भविष्यत्काल में क्रिया का **भविष्यत्काल कर्तृवाच्य** रूप ही बना रहता है उसमें **'इज्ज'** और **'ईअ'/'ईय'** प्रत्यय नहीं लगाये जाते हैं। जैसे-

(क) (कोक+हि+इ) = **कोकिहिइ/कोकेहिइ** = बुलाया जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

(कोक+हि+ए) = **कोकिहिए/कोकेहिए** = बुलाया जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

(कोक+हि+दि) = **कोकिहिदि/कोकेहिदि** = बुलाया जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(कोक+हि+दे)=**कोकिहिदे/कोकेहिदे**=बुलाया जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

(ख) (कोक+स्स+इ)=**कोकिस्सइ/कोकेस्सइ**=बुलाया जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

(कोक+स्स+ए) = **कोकिस्सए/कोकेस्सए** = बुलाया जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

(कोक+स्स+दि) = **कोकिस्सदि/कोकेस्सदे** = बुलायाजायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

(कोक+स्स+दे)=**कोकिस्सदे/कोकेस्सदे**=बुलाया जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

(ग) (कोक+स्सि+दि) = **कोकिस्सिदि** = बुलाया जायेगा। (भवि.अ.पु.एक.)

(कोक+स्सि+दे) = **कोकिस्सिदे** = बुलाया जायेगा।(भवि.अ.पु.एक.)

नोटः इस प्रकार उत्तम पुरुष व मध्यम पुरुष का प्रयोग एकवचन व बहुवचन में तथा अन्य पुरुष का प्रयोग बहुवचन में किया जा सकता है।

कृदन्तों का कर्मवाच्य में प्रयोग-नियम

भूतकालिक कृदन्त का कर्मवाच्य में प्रयोग-नियम

जब क्रिया सकर्मक होती है तो भूतकालिक कृदन्त का प्रयोग कर्मवाच्य में किया जाता है।

कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

कर्म में प्रथमा विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

कृदन्त के रूप (प्रथमा में परिवर्तित) कर्म के लिंग और वचन के अनुसार चलेंगे। जैसे-

(क) कोकिओ = बुलाया गया। (पुल्लिंग एकवचन)

कोकिआ = बुलाये गये। (पुल्लिंग बहुवचन)

(ख) पेच्छिअं = देखा गया। (नपुंसकलिंग एकवचन)

पेच्छिआइं/पेच्छिआइँ/पेच्छिआणि = देखे गये। (नपुंसकलिंग बहुवचन)

(ग) सुणिआ = सुनी गयी। (स्त्रीलिंग एकवचन)

सुणिआ/सुणिआउ/सुणिआओ = सुनी गयी। (स्त्रीलिंग बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विधि कृदन्त का कर्मवाच्य में प्रयोग-नियम

(क) जब क्रिया सकर्मक होती है तो प्राकृत भाषा में विधि कृदन्त का प्रयोग कर्मवाच्य में किया जाता है।

कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

कर्म में प्रथमा विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

कृदन्त के रूप (प्रथमा में परिवर्तित) कर्म के लिंग और वचन के अनुसार चलेंगे। जैसे-

(क) 1 (i) कीणिअव्वो/कीणियव्वो/कीणितव्वो/कीणिदव्वो/कीणणीयो/आदि = खरीदा जाना चाहिए। (पुल्लिंग एकवचन)

(ii) कीणिअव्वा/कीणियव्वा/कीणितव्वा/कीणिदव्वा/कीणणीया/आदि = खरीदे जाने चाहिए। (पुल्लिंग बहुवचन)

(क) 2 (i) पेच्छिअव्वं/पेच्छियव्वं/पेच्छितव्वं/पेच्छिदव्वं/पेच्छणीयं/आदि = देखी जानी चाहिए। (नपुंसकलिंग एकवचन)

(ii) पेच्छिअव्वाइं/पेच्छियव्वाइं/पेच्छितव्वाइं/पेच्छिदव्वाइं/पेच्छणीयाइं/आदि = देखी जानी चाहिए। (नपुंसकलिंग बहुवचन)

(क) 3 (i) पेसिअव्वा/पेसियव्वा/पेसितव्वा/पेसिदव्वा/पेसणीया/आदि = भेजा जाना चाहिए। (स्त्रीलिंग एकवचन)

(ii) पेसिअव्वा/पेसिअव्वाउ/पेसिअव्वाओ/पेसणीया/आदि = भेजे जाने चाहिए। (स्त्रीलिंग बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

स्वार्थिक प्रत्यय

1. प्राकृत भाषा में 'अ', 'इल्ल' और 'उल्ल' स्वार्थिक प्रत्यय होते हैं। उपर्युक्त स्वार्थिक प्रत्यय जोड़ने पर मूल अर्थ में कोई परिवर्तन नहीं होता है। संज्ञा शब्दों में अथवा विशेषण में इन स्वार्थिक प्रत्ययों को जोड़ने के पश्चात विभक्ति बोधक प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं। जैसे-

(i) (चन्द+अ) = **चन्दअ** (पु.) (चन्द्रमा)
चन्दओ (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)
(चन्द+इल्ल) = **चन्दिल्ल** (पु.) (चन्द्रमा)
चन्दिल्लो (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)
(चन्द+उल्ल) = **चन्दुल्ल** (पु.) (चन्द्रमा)
चन्दुल्लो (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)

(ii) (हिअय+अ) = **हिअयअ** (नपुं.) (हृदय)
हिअयअं (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)
(हिअय+इल्ल) = **हिअयिल्ल** (नपुं.) (हृदय)
हिअयिल्लं (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)
(हिअय+उल्ल) = **हिअयुल्ल** (नपुं.) (हृदय)
हिअयुल्लं (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)

(iii) (गयण+अ) = **गयणअ** (नपुं.) (गगन)
गयणअं (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)
(गयण+इल्ल) = **गयणिल्ल** (नपुं.) (गगन)
गयणिल्लं (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)
(गयण+उल्ल) = **गयणुल्ल** (नपुं.) (गगन)
गयणुल्लं (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)

(iv) (बहुअ+अ) = **बहुअअ** (वि.) (बहुत)
बहुअओ (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)
(बहुअ+इल्ल) = **बहुइल्ल** (वि.) (बहुत)
बहुइल्लो (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(बहुअ+उल्ल) = **बहुउल्ल** (वि.) (बहुत)
बहूल्लो (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)

---

2. प्राकृत भाषा में **अ, इल्ल, उल्ल** स्वार्थिक प्रत्ययों को स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों में जोड़ा जाता है। इन स्वार्थिक प्रत्ययों के लगने से स्त्रीलिंग शब्द अकारान्त हो जाता है तो उन्हें स्त्रीलिंग बनाने के लिए **'आ'** अथवा **'ई'** प्रत्यय जोड़ लेने चाहिए। जैसे-

(माया+अ) = मायाअ→मायाआ अथवा मायाई (माता)
(माया+इल्ल) = मायाइल्ल→मायाइल्ला अथवा मायाइल्ली (माता)
(माया+उल्ल) = मायाउल्ल→मायाउल्ला अथवा मायाउल्ली (माता)

---

3. प्राकृत भाषा में **अ, इल्ल, उल्ल** स्वार्थिक प्रत्ययों के अतिरिक्त कुछ स्वार्थिक प्रत्यय और भी हैं जो शब्द विशेष में विकल्प से जोड़े जाते हैं। जैसे-

(i) **'आलिअ'** प्रत्यय
(मीस+आलिअ) = मीसालिअ (वि.) (संयुक्त अथवा मिला हुआ)

(ii) **'र'** प्रत्यय
(दीह+र) = दीहर (वि.) (लम्बा)

(iii) **'ल'** प्रत्यय
(विज्जु+ल) = विज्जुल (स्त्री.) (बिजली)
(पत्त+ल) = पत्तल (नपुं.) (पत्ता)
(पीअ+ल) = पीअल (पु.) (पीला रंग)
(अन्ध+ल) = अन्धल (वि.) (अन्धा)

(iv) **'ल्ल'** प्रत्यय
(नव+ल्ल) = नवल्ल (वि.) (नया)
(एक+ल्ल) = एकल्ल (वि.) (अकेला)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रेरणार्थक प्रत्यय

1. प्राकृत भाषा में प्रेरणा अर्थ में **'अ'**, **'ए'**, **'आव'** और **'आवे'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं। प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात अकर्मक क्रियाएँ सकर्मक हो जाती हैं। इसलिए इन क्रियाओं में कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य का ही प्रयोग होता है। जैसे-

अकर्मक क्रियाएँ	**प्रेरणार्थक प्रत्यय**
हस = हँसना	**अ, ए, आव, आवे**

1. (हस+अ) = **हास** (हँसाना)
('अ' प्रत्यय जुड़ने पर उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)
(हस+ए) = **हासे** (हँसाना)
('ए' प्रत्यय जुड़ने पर उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)
(हस+आव) = **हसाव** (हँसाना)
(हस+आवे) = **हसावे** (हँसाना)

2. जीव = जीना — **अ, ए, आव, आवे**
(जीव+अ) = **जीव** (जीवाना या जिलाना)
('अ' प्रत्यय जुड़ने पर अगर उपान्त्य[1] स्वर दीर्घ हो तो उसमें कोई परिवर्तन नहीं होता है)
(जीव+ए) = **जीवे** (जीवाना या जिलाना)
('ए' प्रत्यय जुड़ने पर अगर उपान्त्य[1] स्वर दीर्घ हो तो उसमें कोई परिवर्तन नहीं होता है)
(जीव+आव) = **जीवाव** (जीवाना या जिलाना)
(जीव+आवे) = **जीवावे** (जीवाना या जिलाना)

---

1. उपान्त्य अर्थात् क्रिया के अन्त का पूर्ववर्ती स्वर।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

3. ठा = ठहरना **अ, ए, आव, आवे**

(ठा+अ) = **ठाअ** (ठहराना)

('अ' प्रत्यय जुड़ने पर अगर उपान्त्य[1] स्वर दीर्घ हो तो उसमें कोई परिवर्तन नहीं होता है)

(ठा+ए) = **ठाए** (ठहराना)

('ए' प्रत्यय जुड़ने पर अगर उपान्त्य[1] स्वर दीर्घ हो तो उसमें कोई परिवर्तन नहीं होता है)

(ठा+आव) = **ठाव** (ठहराना)

(ठा+आवे) = **ठावे** (ठहराना)

4. णच्च = नाचना **अ, ए, आव, आवे**

(णच्च+अ) = णाच्च→**णच्च** (नचाना)

(उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' होता है पर आगे संयुक्ताक्षर होने के कारण 'अ' ही रहता है)

(णच्च+ए) = णाच्चे→**णच्चे** (नचाना)

(उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' होता है पर आगे संयुक्ताक्षर होने के कारण 'अ' ही रहता है)

(णच्च+आव) = **णच्चाव** (नचाना)

(णच्च+आवे) = **णच्चावे** (नचाना)

सकर्मक क्रिया	**प्रेरणार्थक प्रत्यय**
कर = करना	**अ, ए, आव, आवे**

(कर+अ) = **कार** (कराना) (उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)

(कर+ए) = **कारे** (कराना) (उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)

---

1. उपान्त्य अर्थात् क्रिया के अन्त का पूर्ववर्ती स्वर।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(कर+आव) = **कराव** (कराना)

(कर+आव) = **करावे** (कराना)

क्रियाओं में प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात कालों के प्रत्यय जोड़ने से विभिन्न कालों के सकर्मक प्रेरणार्थक रूप बन जाते हैं। जैसे-

हस = हँसना **(अकर्मक क्रिया)**

वर्तमानकाल अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **हासइ** आदि (ii) **हासेइ** आदि (iii) **हसावइ** आदि (iv) **हसावेइ** आदि = हँसाता है/हँसाती है।

भूतकाल अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **हासीअ** आदि (ii) **हासेईअ** आदि (iii) **हसावीअ** आदि (iv) **हसावेईअ** आदि = हँसाया।

भविष्यत्काल अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **हासिहिइ** आदि (ii) **हासेहिइ** आदि (iii) **हसाविहिइ** आदि (iv) **हसावेहिइ** आदि = हँसायेगा/हँसायेगी।

विधि एवं आज्ञा अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **हासउ** आदि (ii) **हासेउ** आदि (iii) **हसावउ** आदि (iv) **हसावेउ** आदि = हँसावे।

कर = करना (सकर्मक क्रिया)

वर्तमानकाल, अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **कारइ** आदि (ii) **कारेइ** आदि (iii) **करावइ** आदि (iv) **करावेइ** आदि = करवाता है/करवाती है।

भूतकाल, अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **कारीअ** आदि (ii) **कारेईअ** आदि (iii) **करावीअ** आदि (iv) **करावेईअ** आदि = करवाया।

---

1. उपान्त्य अर्थात् क्रिया के अन्त का पूर्ववर्ती स्वर।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भविष्यत्काल, अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **कारिहिइ** आदि (ii) **कारेहिइ** आदि (iii) **कराविहिइ** आदि (iv) **करावेहिइ** आदि = करवायेगा/करवायेगी।

विधि एवं आज्ञा, अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **कारउ** आदि (ii) **कारेउ** आदि (iii) **करावउ** आदि (iv) **करावेउ** आदि = करवावे।

इसी प्रकार उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष के रूप बनेंगे।

कर्मवाच्य के प्रेरणार्थक प्रत्ययः आवि, 0

2. प्राकृत भाषा में प्रेरणा अर्थ में **भाववाच्य** और **कर्मवाच्य** के **'आवि'** और **'शून्य' (0)** प्रत्यय क्रिया में जोड़े जाते हैं। इससे अकर्मक क्रिया सकर्मक बन जाती है। जैसे-

(हस+आवि) = **हसावि** (हँसाना)

(हस+0) = **हास** (हँसाना) (उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)

(कर+आवि) = **करावि** (कराना)

(कर+0) = **कार** (कराना) (उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)

क्रियाओं में प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात कर्मवाच्य के **'इज्ज'** और **'ईअ/ईय'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

(क) हसावि+इज्ज = **हसाविज्ज** (हँसाया जाना)

हसावि+ईअ = **हसावीअ** (हँसाया जाना)

हास+इज्ज = **हासिज्ज** (हँसाया जाना)

हास+ईअ = **हासीअ** (हँसाया जाना)

(ख) करावि+इज्ज = **कराविज्ज** (करवाया जाना)

करावि+ईअ = **करावीअ** (करवाया जाना)

कार+इज्ज = **कारिज्ज** (करवाया जाना)

कार+ईअ = **कारीअ** (करवाया जाना)

---

1. उपान्त्य अर्थात् क्रिया के अन्त का पूर्ववर्ती स्वर।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्रियाओं में प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात कालों के प्रत्यय जोड़ने से विभिन्न कालों के प्रेरणार्थक कर्मवाच्य के रूप बन जाते हैं। जैसे-

वर्तमानकाल अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(क) हसावि+इज्ज+इ आदि = **हसाविज्जइ** आदि (हँसाया जाता है)
हसावि+ईअ+इ आदि = **हसावीअइ** आदि (हँसाया जाता है)
हास+इज्ज+इ आदि = **हासिज्जइ** आदि (हँसाया जाता है)
हास+ईअ+इ आदि = **हासीअइ** आदि (हँसाया जाता है)

(ख) करावि+इज्ज+इ आदि = **कराविज्जइ** आदि (करवाया जाता है)
करावि+ईअ+इ आदि = **करावीअइ** आदि (करवाया जाता है)
कार+इज्ज+इ आदि = **कारिज्जइ** आदि (करवाया जाता है)
कार+ईअ+इ आदि = **कारीअइ** आदि (करवाया जाता है)

भूतकाल अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(क) हसावि+इज्ज+ईअ = **हसाविज्जईअ** (हँसाया गया)
हसावि+ईअ+ईअ = **हसावीअईअ** (हँसाया गया)
हास+इज्ज+ईअ = **हासिज्जईअ** (हँसाया गया)
हास+ईअ+ईअ = **हासीअईअ** (हँसाया गया)

(ख) करावि+इज्ज+ईअ = **कराविज्जईअ** (करवाया गया)
करावि+ईअ+ईअ = **करावीअईअ** (करवाया गया)
कार+इज्ज+ईअ = **कारिज्जईअ** (करवाया गया)
कार+ईअ+ईअ = **कारीअईअ** (करवाया गया)

विधि एवं आज्ञा अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(क) हसावि+इज्ज+उ आदि = **हसाविज्जउ** आदि (हँसाया जावे)
हसावि+ईअ+उ आदि = **हसावीअउ** आदि (हँसाया जावे)

---

1. उपान्त्य अर्थात् क्रिया के अन्त का पूर्ववर्ती स्वर।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

हास+इज्ज+उ आदि = **हासिज्जउ** आदि (हँसाया जावे)

हास+ईअ+उ आदि = **हासीअउ** आदि (हँसाया जावे)

(ख) करावि+इज्ज+उ आदि = **कराविज्जउ** आदि (करवाया जावे)

करावि+ईअ+उ = **करावीअउ** आदि (करवाया जावे)

कार+इज्ज+उ = **कारिज्जउ** आदि (करवाया जावे)

कार+ईअ+उ= **कारीअउ** आदि (करवाया जावे)

इसी प्रकार उत्तम पुरुष एवं मध्यम पुरुष के रूप बना लेने चाहिए।

नोटः **भविष्यत्काल** में प्रेरणार्थक कर्मवाच्य में **'इज्ज, ईअ/ईय'** प्रत्यय नहीं लगते हैं। भविष्यत्काल में प्रेरणार्थक कर्मवाच्य में भविष्यत्काल की क्रिया का रूप कर्तृवाच्य के अनुसार ही रहेगा किन्तु अर्थ कर्मवाच्य के अनुसार होगा।

कृदन्तों के प्रेरणार्थक प्रत्ययः आवि, 0

3. प्राकृत भाषा में प्रेरणा अर्थ में **'आवि'** और **'शून्य' (0)** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। क्रियाओं में प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात कृदन्तों के प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

(हस+आवि) = **हसावि** (हँसाना)

(हस+0) = **हास** (हँसाना) (उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)।

(कर+आवि) = **करावि** (कराना)

(कर+0) = **कार** (कराना) (उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)

क्रियाओं में प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् कृदन्तों के प्रत्यय जोड़ने से विभिन्न कृदन्तों के सकर्मक प्रेरणार्थक रूप बन जाते हैं। जैसे-

प्रेरणार्थक भूतकालिक कृदन्त

(क) हसावि+अ/य/त/द = **हसाविअ/हसाविय/हसावित/हसाविद**

(हँसाया गया)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

हास+अ/य/त/द = **हासिअ/हासिय/हासित/हासिद** (हँसाया गया)

(ख) करावि+अ/य/त/द = **कराविअ/कराविय/करावित/कराविद** (कराया गया)

कार+अ/य/त/द = **कारिअ/कारिय/कारित/कारिद** (कराया गया)

प्रेरणार्थक वर्तमान कृदन्त

(क) हसावि+अ+न्त = **हसावन्त** (हँसाता हुआ)

हसावि+अ+माण = **हसावमाण** (हँसाता हुआ)

नोट: यहाँ हसावि के बाद 'अ' विकरण लगाया गया है क्योंकि प्राकृत में क्रियाओं को अकारान्त करने की प्रवृत्ति होती है।

हास+न्त = **हासन्त** (हँसाता हुआ)

हास+माण = **हासमाण** (हँसाता हुआ)

(ख) करावि+अ+न्त = **करावन्त** (करवाता हुआ)

करावि+अ+माण = **करावमाण** (करवाता हुआ)

नोट: यहाँ करावि के बाद 'अ' विकरण लगाया गया है क्योंकि प्राकृत में क्रियाओं को अकारान्त करने की प्रवृत्ति होती है।

कार+न्त = **कारन्त** (करवाता हुआ)

कार+माण = **कारमाण** (करवाता हुआ)

प्रेरणार्थक विधि कृदन्त

1. हसावि+अव्व = **हसाविअव्व** आदि (हँसाया जाना चाहिए)

हसावि+यव्व = **हसावियव्व** आदि (हँसाया जाना चाहिए)

हसावि+तव्व = **हसावितव्व** आदि (हँसाया जाना चाहिए)

हसावि+दव्व = **हसाविदव्व** आदि (हँसाया जाना चाहिए)

2. हास+अव्व = **हासिअव्व** आदि (हँसाया जाना चाहिए)

हास+यव्व = **हासियव्व** आदि (हँसाया जाना चाहिए)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

हास+तव्व = **हासितव्व** आदि (हँसाया जाना चाहिए)

हास+दव्व = **हासिदव्व** आदि (हँसाया जाना चाहिए)

प्रेरणार्थक सम्बन्धक कृदन्त

1. हसावि+ऊण = **हसाविऊण** (हँसाकर)
   हसावि+ऊणं = **हसाविऊणं** (हँसाकर)
   हसावि+दूण = **हसाविदूण** (हँसाकर)
   हसावि+दूणं = **हसाविदूणं** (हँसाकर)
   हसावि+अ = **हसाविअ** (हँसाकर)
   हसावि+य = **हसाविय** (हँसाकर)
   हसावि+उं = **हसाविउं** (हँसाकर)
   हसावि+त्ता = **हसावित्ता** (हँसाकर)
2. हास+ऊण = **हासिऊण/हासेऊण** (हँसाकर)
   हास+ऊणं = **हासिऊणं/हासेऊणं** (हँसाकर)
   हास+दूण = **हासिदूण/हासेदूण** (हँसाकर)
   हास+दूणं = **हासिदूणं/हासेदूणं** (हँसाकर)
   हास+अ = **हासिअ/हासेअ** (हँसाकर)
   हास+य = **हासिय/हासेय** (हँसाकर)
   हास+उं = **हासिउं/हासेउं** (हँसाकर)
   हासि+त्ता = **हासित्ता/हासेत्ता** (हँसाकर)

प्रेरणार्थक हेत्वर्थक कृदन्त

1. हसावि+उं = **हसाविउं** (हँसाने के लिए)
   हसावि+दुं = **हसाविदुं** (हँसाने के लिए)
2. हास+उं = **हासिउं/हासेउं** (हँसाने के लिए)
   हास+दुं = **हासिदुं/हासेदुं** (हँसाने के लिए)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम स्तरीय प्राकृत से विकसित प्राकृत शब्दावली

संपादक की कलम से

यहाँ यह समझा जाना चाहिए कि ''*प्रथम स्तर की प्राकृत भाषाएँ स्वर और व्यंजन के उच्चारण में तथा विभक्तियों के प्रयोग में वैदिक भाषा के अनुरूप थी। इससे ये भाषाएँ विभक्ति बहुल कही जाती है।*'' वैदिक भाषा पाणिनि के द्वारा नियन्त्रित होकर स्थिर हो गई और संस्कृत कहलाई।

वैदिक युग में जो प्राकृत भाषाएँ बोलचाल में प्रचलित थी, उनमें अनेक परिवर्तन हुए, ''*जिनमें ऋ आदि स्वरों का, शब्दों के अन्तिम व्यंजनों का, संयुक्त व्यंजनों का तथा विभक्ति और वचन समूह का लोप या रूपान्तर मुख्य है। इन परिवर्तनों से यह भाषाएँ प्रचुर परिमाण में रूपान्तरित हुई। इस तरह से द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई।* ''

भगवान महावीर और भगवान बुद्ध के समय में ये प्राकृत भाषाएँ अपने द्वितीय स्तर के आकार में प्रचलित थी और जनता के प्रयोग में आ रही थी। अतः उन्होंने अपने सिद्धान्तों का उपदेश इन्हीं प्राकृत भाषाओं में किया। यहाँ यह जानना उपयोगी है कि द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति प्रथम स्तरीय प्राकृत से हुई। काल दृष्टि से हम जितना पीछे जाते हैं उतना ही वैदिक संस्कृत-प्राकृत का अन्तर कम होता जाता है क्योंकि इनकी उत्पत्ति का स्रोत प्रथम स्तरीय प्राकृत है। इसलिए वैदिक संस्कृत-प्राकृत में समानता दृष्टिगोचर होती है।

इस तरह द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति प्राकृत के द्वितीय आकार की शब्दावली का एक अच्छा संकलन हेमचन्द्र ने प्राकृत व्याकरण के प्रथम व द्वितीय पाद में दिया है। तृतीय एवं चतुर्थ पाद में क्रियाओं के कालबोधक प्रत्यय एवं एकार्थक बहुविध तथा एकार्थक एकविध क्रियाओं का संकलन दिया है। आचार्य हेमचन्द्र ने लौकिक संस्कृत के आधार से इसे समझाने का प्रयास किया है। यह प्राकृत

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

के दृष्टिकोण से हमारे लिये उपयोगी नहीं है। हमारा उद्देश्य तो प्राकृत के द्वितीय आकार को समझना है, जिससे महावीर के उपदेशों को समझा जा सके। इसलिए हम हेमचन्द्र के प्राकृत शब्दों का अर्थ प्राकृत की परिवर्तनशील प्रकृति के अनुरूप राष्ट्र भाषा हिन्दी में ढूँढेंगे। अतः हम आचार्य हेमचन्द्र की प्राकृत क्रियाओं को हिन्दी के आधार से समझने का प्रयास करेंगे।

विशेष अध्ययन के लिए-

1. भारत की प्राचीन आर्यभाषाएँ - डॉ. राजमल बोरा
प्रकाशक- हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय,
दिल्ली विश्वविद्यालय, 1999

2. पाइय-सद्द-महण्णवो - पं. हरगोविन्ददास त्रिविक्रमचन्द्र सेठ
प्रकाशक-प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विविध प्राकृत क्रियाएँ

एकार्थक एकविध क्रियाएँ

अकर्मक

1. आवाज करनाः
संखा
2. अलग होनाः
णिव्वड
3. निश्चेष्ट होना अथवा चेष्टा रहित होनाः
णिट्ठुह
4. श्रम करनाः
वावम्फ
5. फैलनाः
पसर
6. अनाचरण करना अथवा नीचे जानाः
थक्क
7. बैठनाः
णुमज्ज
8. जँभाई लेनाः
जम्भा
9. उछलना अथवा कूदनाः
उत्थल्ल
10. शोभना अथवा विराजनाः
ओवास
11. भूँकनाः
भुक्क
12. बैठनाः
अच्छ
13. लड़नाः
जुज्झ
14. आसक्त होनाः
गिज्झ
15. सिद्ध होना अथवा निष्पन्न होनाः
सिज्झ
16. खिन्न होनाः
सड
17. गिरनाः
पड
18. बढ़नाः
वड्ढ
19. सम्पन्न होना अथवा मिलनाः
संपज्ज
20. खेद करना अथवा अफसोस करनाः
खिज्ज
21. नाचनाः
णच्च

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

22. गर्व करनाः

मच्च

23. उद्वेग करना अथवा खिन्न करनाः

उव्विव

24. समर्थ होनाः

सक्क

25. नष्ट होनाः

नस्स

26. टूटनाः

तुट्ट

27. नाचनाः

नट्ट

28. मरनाः

चव

29. शब्द करनाः

कव

30. मरनाः

मर

31. खुश होना अथवा प्रसन्न होनाः

हरिस

32. गुस्सा करनाः

रूस

33. खुश होनाः

तूस

34. सूखनाः

सूस

35. दूषित होनाः

दूस

36. हँसनाः

हस

37. शांत होनाः

उवसम

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

एकार्थक एकविध क्रियाएँ

सकर्मक

1. दुःख प्रकट करनाः
णिव्वर
2. ध्यान करनाः
झा
3. गानाः
गा
4. देखनाः
णिज्झा
5. श्रद्धा करनाः
सद्दह
6. चाहना-इच्छा करनाः
सिह
7. गमन करवानाः
जव
8. खरीदनाः
किण
9. आना अथवा प्रवेश करनाः
अल्ली
10. कानी नजर से देखनाः
णिआर
11. अवलम्बन करना अथवा सहारा लेनाः
संदाण
12. क्रोध से होठ मलिन करनाः
णिव्वोल
13. हजामत करनाः
कम्म
14. खुशामद करनाः
गुलल
15. प्रशंसा करनाः
सलह
16. दुःख को छोड़नाः
णिव्वल
17. पूछना अथवा प्रश्न करनाः
पुच्छ
18. लीपना अथवा लेप करनाः
लिम्प
19. दया करनाः
अवहाव
20. चोरी करनाः
पम्हुस
21. स्पर्श करना अथवा छूनाः
पम्हुस
22. गाली देनाः
भस

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

23. म्यान से तलवार को खींचनाः
अक्खोड

24. जानाः
गच्छ

25. इच्छा करना अथवा चाहनाः
इच्छ

26. विराम करना, अथवा देनाः
जच्छ

27. छेदनाः
छिन्द

28. भेदना अथवा तोड़नाः
भिन्द

29. समझनाः
बुज्झ

30. क्रोध करनाः
कुज्झ

31. लपेटनाः
वेढ

32. लपेटनाः
संवेल्ल

33. जाना अथवा गमन करनाः
वच्च

34. नमस्कार करनाः
नव

35. भोजन करना अथवा खानाः
खा

36. दौड़नाः
धा

37. जीमनाः
जिम्म

38. संबंध करना अथवा लगनाः
लग्ग

39. गमन करनाः
मग्ग

40. गुस्सा करनाः
कुप्प

41. परिभ्रमण करनाः
परिअट्ट

42. सीनाः
सिव्व

43. लौटनाः
पलोट्ट

44. बोलनाः
रव

45. जन्म देना अथवा उत्पन्न करनाः
पसव

46. करनाः
कर

47. धारण करनाः
धर

48. सरकनाः
सर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

49. संबंध करना अथवा सेवा करनाः

वर

50. हरण करनाः

हर

51. तैरनाः

तर

52. बूढ़ा होनाः

जर

53. बरसनाः

वरिस

54. खींचनाः

करिस

55. सहन करना अथवा क्षमा करनाः

मरिस

56. वध करनाः

सीस

57. लेनाः

ले

58. देनाः

दे

59. करनाः

कुण

60. प्राप्त करनाः

पाव

61. सींचनाः

सिंच

62. घूमनाः

भम

63. रोकनाः

रून्ध

64. चोरी करनाः

मुस

65. हरण करनाः

हर

66. बेचनाः

विक्क

67. जीतनाः

जिण

68. सुननाः

सुण

69. होम करनाः

हुण

70. स्तुति करनाः

थुण

71. काटनाः

लुण

72. पवित्र करनाः

पुण

73. कँपानाः

धुण

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

एकार्थक बहुविध क्रियाएँ

अकर्मक

1. सूखनाः

(1) ओरुम्मा (2) वसुआ (3) उव्वा

2. नींद लेनाः

(1) ओहीर (2) उंघ (3) निद्दा

3. नहानाः

(1) अब्भुत्त (2) ण्हा

4. ठहरनाः

(1) ठा (2) थक्क (3) चिट्ठ (4) निरप्प

5. उठनाः

(1) उट्ठ (2) उक्कुक्कुर

6. मुरझाना अथवा कुम्हलानाः

(1) वा (2) पव्वाय (3) मिला

7. क्षीण होनाः

(1) णिज्झर (2) झिज्ज

8. झूलना अथवा हिलनाः

(1) रंखोल (2) दोल

9. डरनाः

(1) भा (2) बीह

10. नष्ट होनाः

(1) विरा (2) विलिज्ज

11. आवाज करनाः

(1) रुञ्ज (2) रुण्ट (3) रव

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

12. होनाः

(1) हो (2) हुव (3) हव (4) हु (5) भव

13. समर्थ होनाः

(1) पहुप्प (2) पभव

14. शिथिलता करना अथवा ढीला होना-लटकनाः

(1) पयल्ल (2) सिढिल (3) लम्ब

15. पसरना अथवा फैलनाः

(1) पयल्ल (2) उवेल्ल (3) पसर

16. बाहर निकलनाः

(1) णीहर (2) नील (3) धाड (4) वरहाड (5) णीसर

17. जागना अथवा सचेत-सावधान होनाः

(1) जग्ग (2) जागर

18. काम में लगनाः

(1) आअड्ड (2) वावर

19. गर्जन करना अथवा गरजनाः

(1) गज्ज (2) बुक्क

20. बैल का गरजनाः

(1) ढिक्क (2) गज्ज

21. शोभना अथवा चमकनाः

(1) छज्ज (2) अग्घ (3) सह (4) रीर (5) रेह (6) राय

22. मज्जन करना, डूबना अथवा स्नान करनाः

(1) आउड्ड (2) णिउड्ड (3) बुड्ड (4) खुप्प (5) मज्ज

23. शरमानाः

(1) जीह (2) लज्ज

24. खिलनाः

(1) मुर (2) फुट

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

25. घूमना, काँपना, डोलना और हिलनाः

(1) घुल (2) घुम्म (3) घोल (4) पहल्ल

26. धंसना अर्थात् गिर पड़नाः

(1) ढंस (2) विवट्ट

27. फड़कना अथवा थोड़ा हिलनाः

(1) चुलुचुल (2) फन्द

28. निष्पन्न होना अथवा सिद्ध होनाः

(1) निव्वल (2) निप्पज्ज

29. झड़ना अथवा टपकनाः

(1) झड़ (2) पक्खोड

30. चिल्लानाः

(1) अक्कन्द (2) णीहर

31. खेद करना अथवा अफसोस करनाः

(1) जूर (2) विसूर (3) खिज्ज

32. क्रोध करना अथवा गुस्सा करनाः

(1) जूर (2) कुज्झ

33. उत्पन्न होनाः

(1) जा (2) जम्म

34. तृप्त होना अथवा संतुष्ट होनाः

(1) थिप्प (2) थिंप

35. संतप्त होना अथवा संताप करनाः

(1) झंख (2) संतप्प

36. सोनाः

(1) कमवस (2) लिस (3) लोट्ट (4) सुअ

37. काँपना अथवा थरथरानाः

(1) आयम्ब (2) आयज्झ (3) वेव

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

38. विलाप करना अथवा जोर-जोर से रोनाः

(1) झंख (2) वडवड (3) विलव

39. व्याकुल होना अथवा घबड़ानाः

(1) विर (2) णड (3) गुप्प

40. जलना, सुलगना अथवा प्रकाशित होनाः

(1) तेअव (2) संदुम (3) संधुक्क (4) अब्भुत्त (5) पलीव

41. लोभ करना, अथवा आसक्ति करनाः

(1) संभाव (2) लुब्भ

42. क्षुब्ध होना अथवा विह्वल होनाः

(1) खउर (2) पड्डुह (3) खुब्भ

43. बोझ के कारण झुकनाः

(1) णिसुढ (2) णव

44. विश्राम करनाः

(1) णिव्वा (2) वीसम

45. शान्त होना अथवा क्षुब्ध नहीं होनाः

(1) पडिसा (2) परिसाम (3) सम

46. क्रीड़ा करना अथवा खेलनाः

(1) संखुड्ड (2) खेड्ड (3) उब्भाव (4) किलिकिञ्च (5) कोट्टुम (6) मोट्टाय (7) णीसर (8) वेल्ल (9) रम

47. शीघ्रता करनाः

(1) तुवर (2) जअड (3) तूर (4) तुर

48. गिर पड़ना, टपकना अथवा झरनाः

(1) खिर (2) झर (3) पज्झर (4) पच्चड (5) णिच्चल (6) णिट्टुअ

49. गल जाना, जीर्ण-शीर्ण हो जानाः

(1) थिप्प (2) णिट्टुह (3) विगल

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

50. फटना, टूटना, अथवा टुकड़े-टुकड़े होनाः

(1) विसट्ट (2) दल

51. लौटना, वापस आना, अथवा मुड़ना, टेढ़ा होनाः

(1) वंफ (2) वल

52. फूटना, फटना, टूटना, अथवा नष्ट होनाः

(1) फिड (2) फिट्ट (3) फुड (4) फुट्ट (5) चुक्क (6) भुल्ल (7) भंस

53. पलायन करना अथवा भागनाः

(1) णिरणास (2) णिवह (3) अवसेह (4) पडिसा (5) सेह (6) अवहर (7) णस्स

54. विकसित होना अथवा खिलनाः

(1) कोआस (2) वोसट्ट (3) विअस

55. हँसना अथवा हास्य करनाः

(1) हस (2) गुंज

56. खिसकना अथवा सरकनाः

(1) ल्हस (2) डिम्भ (3) संस

57. डरना अथवा भय खानाः

(1) डर (2) वोज्ज (3) वज्ज (4) तस

58. पलटना अथवा विपरीत होनाः

(1) पलोट्ट (2) पल्लट्ट (3) पल्हत्थ

59. निःश्वास लेनाः

(1) झंख (2) नीसस

60. उल्लसित होना अथवा खुश होनाः

(1) ऊसल (2) ऊसुम्भ (3) णिल्लस (4) पुलआअ (5) गुंजोल्ल (6) गुंजुल्ल (7) आरोअ (8) उल्लस

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

51. प्रकाशमान होना अथवा चमकनाः

(1) भिस (2) भास

52. मुग्ध होना अथवा मोहित होनाः

(1) गुम्म (2) गुम्मड (3) मुज्झ

63. रोनाः

(1) रुव (2) रोव

64. विकसित होना अथवा खिलनाः

(1) फुट्ट (2) फुड

65. संकोच करना अथवा सकुचानाः

(1) पमिल्ल (2) पमील (3) संमिल्ल

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

एकार्थक बहुविध क्रियाएँ

सकर्मक

1. कहनाः

(1) वज्जर (2) पज्जर (3) उप्पाल (4) पिसुण (5) संघ (6) बोल्ल (7) चव (8) जम्प (9) सीस (10) साह (11) कह

2. घृणा करना अथवा निन्दा करनाः

(1) झुण (2) दुगुच्छ (3) दुगुंछ (4) जुगुच्छ (5) दुउच्छ (6) दुउंछ (7) जुउच्छ

3. खाने की इच्छा करनाः

(1) बुहुक्ख (2) णीरव

4. पंखा करना अथवा हवा करनाः

(1) वोज्ज (2) वीज (वीअ)

5. जाननाः

(1) जाण (2) मुण (3) णा

6. पीनाः

(1) पिज्ज (2) डल्ल (3) पट्ट (4) घोट्ट (5) पिअ

7. सूँघनाः

(1) आइग्घ (2) अग्घा

8. निर्माण करना अथवा रचनाः

(1) निम्माण (2) निम्मव

9. ढंकना अथवा आच्छादन करनाः

(1) णुम (2) नूम (3) णूम (4) सन्नुम (5) ढक्क (6) ओम्बाल (7) पव्वाल (8) छाय

10. गिराना अथवा रोकनाः

(1) णिहोड (2) पाड (3) निवार

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

11. सफेद करनाः

(1) दुम (2) धवल

12. तौलनाः

(1) ओहाम (2) तुल

13. बाहर निकालनाः

(1) ओलुंड (2) उल्लुंड (3) पल्हत्थ (4) विरेअ

14. ताड़न करनाः

(1) आहोड (2) विहोड (3) ताड

15. मिलानाः

(1) वीसाल (2) मेलव (3) मिस्स

16. धूल लगानाः

(1) गुण्ठ (2) उद्धूल

17. घुमानाः

(1) तालिअण्ट (2) तमाड (3) भाम (4) भमाड (5) भमाव

18. नाश करनाः

(1) नासव (2) हारव (3) विउड (4) विप्पगाल (5) पलाव (6) नास

19. बतलाना अथवा दिखलानाः

(1) दाव (2) दंस (3) दक्खव (4) दरिस

20. प्रकट करना अथवा खोलनाः

(1) उग्घाड (2) उग्ग

21. संभावना करनाः

(1) आसंघ (2) संभाव

22. ऊँचा करनाः

(1) उत्थंघ (2) उल्लाल (3) गुलुगुञ्छ (4) उप्पेल (5) उण्णाम

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

23. विज्ञप्ति करना अथवा विनति कराना:

(1) वोक्क (2) अवुक्क (3) विण्णव

24. अर्पण करना:

(1) अल्लिव (2) चच्चुप्प (3) पणाम (4) अप्प

25. चबाई हुई वस्तु को पुनः चबाना:

(1) ओग्गाल (2) वग्गोल (3) रोमन्थ

26. प्रकाशित करना:

(1) णुव्व (2) पयास

27. ऊपर चढ़ाना:

(1) वल (2) आरोव

28. रंग लगाना:

(1) राव (2) रंज

29. निर्माण करना:

(1) परिवाड (2) घड

30. लपेटना:

(1) परिआल (2) वेढ

31. सुनना:

(1) हण (2) सुण

32. कंपाना-हिलाना:

(1) धुव (2) धुण

33. करना:

(1) कुण (2) कर

34. स्मरण करना-याद करना:

(1) झर (2) झूर (3) भर (4) भल (5) लढ (6) विम्हर (7) सुमर (8) पयर (9) पम्हुह (10) सर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

35. भूलना-भूल जाना अथवा विस्मरण करनाः

(1) पम्हुस (2) विम्हर (3) वीसर

36. बुलाना अथवा आह्वान करनाः

(1) कोक्क (2) कुक्क (3) पोक्क (4) वाहर

37. संवरण करना, समेटना, संक्षेप करनाः

(1) साहर (2) साहट्ट

38. आदर करना-सम्मान करनाः

(1) सन्नाम (2) आदर

39. प्रहार करनाः

(1) सार (2) पहर

40. नीचे उतरनाः

(1) ओह (2) ओरस (3) ओअर

41. पकानाः

(1) सोल्ल (2) पउल्ल (3) पय

42. छोड़ना-त्याग करनाः

(1) छड्ड (2) अवहेड (3) मेल्ल (मिल्ल) **(4) उस्सिक्क (5) रेअव (6) णिल्लुंछ (7) धंसाड (8) मुअ**

43. ठगनाः

(1) वेहव (2) वेलव (3) जूरव (4) उमच्छ (5) वंच

44. निर्माण करना अथवा बनाना :

(1) उग्गह (2) अवह (3) विडविड्ड (4) रय

45. सींचनाः

(1) सिंच (2) सिम्प (3) सेअ

46. एकत्र करना अथवा इकट्ठा करनाः

(1) आरोल (2) वमाल (3) पुंज

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

47. तेज करना (तीक्ष्ण करना):

(1) ओसुक्क (2) तेअ

48. मार्जन करना अथवा शुद्ध करना, पोंछना:

(1) उग्घुस (2) लुंछ (3) पुंछ (4) पुंस (5) फुस (6) पुस (7) लुह (8) हुल (9) रोसाण (10) मज्ज

49. भाँगना अथवा तोड़ना:

(1) वेमय (2) मुसुमूर (3) मूर (4) सूर (5) सूड (6) विर (7) पविरंज (8) करंज (9) नीरंज (10) भंज

50. अणुसरण करना अथवा पीछे जाना:

(1) पडिअग्ग (2) अणुवच्च

51. उपार्जन करना:

(1) विढव (2) अज्ज

52. जोड़ना अथवा युक्त करना:

(1) जुंज (2) जुज्ज (3) जुप्प

53. जीमना अथवा खाना:

(1) भुंज (2) जिम (3) जेम (4) कम्म (5) अण्ह (6) चमढ (7) समाण (8) चड्ड (9) भुज्ज

54. उपभोग करना:

(1) कम्मव (2) उवहुंज

55. बनाना:

(1) गढ (2) घड

56. मंडित करना, विभूषित करना अथवा शोभा युक्त बनाना:

(1) चिंच (2) चिंचअ (3) चिंचिल्ल (4) रीड (5) टिविडिक्क (6) मंड

57. तोड़ना, खंडित करना अथवा टुकड़ा करना:

(1) तोड (2) खुट्ट (3) खुड (4) उक्खुड (5) उल्लुक्क (6) णिलुक्क (7) उल्लूर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

58. गूँथनाः

(1) गंठ (2) गंथ

59. मथना अथवा विलोडन करनाः

(1) घुसल (2) विरोल (3) मन्थ

60. छेदना अथवा काटनाः

(1) दुहाव (2) णिच्छल्ल (3) णिज्झोड (4) णिव्वर (5) णिल्लूर (6) लूर (7) छिन्द

61. छीननाः

(1) ओअन्द (2) उद्दाल (3) अच्छिन्द

62. कुचलना, मर्दन करना अथवा मसलनाः

(1) मल (मद्द) **(2) मढ (3) परिहट्ट (4) खड्ड (5) चड्ड (6) मड्ड (7) पन्नाड**

63. रोकनाः

(1) उत्थंघ (2) रुन्ध

64. निषेध करना अथवा निवारण करनाः

(1) हक्क (2) निसेह

65. विस्तार करना अथवा फैलानाः

(1) तड (2) तड्ड (3) तड्डव (4) विरल्ल (5) तण

66. पास में जाना अथवा समीप में जानाः

(1) अल्लिअ (2) उवसप्प

67. व्याप्त करनाः

(1) ओअग्ग (2) वाव (सकर्मक)

68. समाप्त करना अथवा पूरा करनाः

(1) समाण (2) समाव

69. फेंकना अथवा डालनाः

(1) गलत्थ (2) अड्डक्ख (3) सोल्ल (4) पेल्ल (5) णुल्ल (6) छुह (7) हुल (8) परी (9) घत्त (10) खिव

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

70. ऊँचा फेंकनाः

(1) गुलगुंछ (2) उत्थंघ (3) अल्लत्थ (4) उब्भुत्त (5) उस्सिक्क (6) हक्खुव (7) उक्खिव

71. आक्षेप करना, टीका करना, अथवा दोषारोपण करनाः

(1) णीरव (2) अक्खिव

72. आरम्भ करना अथवा शुरू करनाः

(1) आरम्भ (2) आढव (3) आरभ

73. उपालम्भ देना अथवा उलाहना देनाः

(1) झंख (2) पच्चार (3) वेलव (4) उवालम्भ

74. आक्रमण करना अथवा हमला करनाः

(1) ओहाव (2) उत्थार (3) छुन्द (4) अक्कम

75. घुमना अथवा फिरनाः

(1) टिरिटिल्ल (2) ढुंढुल्ल (3) ढंढल्ल (4) चक्कम्म (5) भम्मड (6) भमड (7) भमाड (8) तलअंट (9) झंट (10) झंप (11) भुम (12) गुम (13) फुम (14) फुस (15) ढुम (16) ढुस (17) परी (18) पर (19) भम

76. गमन करना अथवा जानाः

(1) अइ (2) अइच्छ (3) अणुवज्ज (4) अवज्जस (5) उक्कुस (6) अक्कुस (7) पच्चड्डु (8) पच्छन्द (9) णिम्मह (10) णी (11) णीण (12) णीलुक्क (13) पदअ (14) रम्भ (15) परिअल्ल (16) वोल (17) परिअल (18) णिरिणास (19) णिवह (20) अवसेह (21) अवहर (22) गच्छ

77. आनाः

(1) अहिपच्चुअ (2) आगच्छ

78. संगति करना अथवा मिलनाः

(1) अब्भिड (2) संगच्छ

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

79. सामने आना अथवा अभिमुख आनाः

(1) उम्मत्थ (2) अब्भागच्छ

80. लौटना अथवा वापस आनाः

(1) पलोट्ट (2) पच्चागच्छ

81. पूरा करनाः

(1) अग्घाड (2) अग्घव (3) उद्धुमा (4) अंगुम (5) अहिरेम (6) पूर

82. संदेश देना अथवा खबर पहुँचानाः

(1) अप्पाह (2) संदिस

83. देखनाः

(1) निअच्छ (2) पेच्छ (3) अवयच्छ (4) अवयज्झ (5) वज्ज (6) सव्वव (7) देक्ख (8) ओअक्ख (9) अवक्ख (10) अवअक्ख (11) पुलोअ (12) पुलअ (13) निअ (14) अवआस (15) पास

84. स्पर्श करना अथवा छूनाः

(1) फास (2) फंस (3) फरिस (4) छिव (5) छिह (6) आलुंख (7) आलिह

85. प्रवेश करना अथवा घुसनाः

